रोहतक
मंगलवार 24 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 48
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 30.7
न्यून. 12.0


# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




7 अरुंधती ने रचा नया कीर्तिमान

**बाजार धड़ाम**

## सेंसेक्स 1837 अंक गिरा, निवेशकों के 13 लाख करोड़ डूबे



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट आई और तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,836.57 अंक यानी 2.46 प्रतिशत टूटकर 72,696.39 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 601.85 अंक यानी 2.60 प्रतिशत लुढ़ककर 22,512.65 अंक पर बंद हुआ। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन निवेशकों के करीब 13 लाख करोड़ रुपये डूब गए। सिर्फ बड़े शेयर ही नहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप कंपनियों में भी भारी बिकवाली देखने को मिली। तीन दिन में निवेशकों 15 लाख करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है।

**कारण :** इसका मुख्य कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और संघर्ष है, जिससे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं

## अमेरिकी बाजार में तेजी 1100 अंक का उछाल

अमेरिकी शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज के फ्यूचर्स 1,100 अंक यानी करीब 2.6 प्रतिशत तक चढ़ गए। वहीं एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में 2.7 प्रतिशत व नैस्डैक-100 फ्यूचर्स में भी 2.7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। यह तेजी मार्केट खुलने के बाद भी बरकरार रही।

**कारण :** इसकी वजह ट्रंप का बयान रहा। उन्होंने कहा,अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों में 'बहुत अच्छी और सकारात्मक बातचीत' हुई है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट फ्यूचर्स 9 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया। वहीं ब्रेंट क्रूड 13 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 97 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंच गया।

**ढीले पड़े तेवर**

### अमेरिकी राष्ट्रपति बोले-दोनों देशों के बीच सार्थक वार्ता हुई

# युद्ध में ट्रंप का अल्पविराम ईरान पर 5 दिन रोके हमले

## ईरान का जवाब, चेतावनी के बाद अमेरिका पीछे हटा, पहले 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था

एजेंसी/भाषा ▶▶ दुबई

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दी गई समय सीमा बढ़ा दी है और कहा है कि अमेरिका 5 दिन के लिए बिजली संयंत्रों पर हमले नहीं करेगा। यह एक तरह से युद्ध का अल्पविराम है। ट्रंप ने सोमवार को 'ट्रुथ सोशल' साइट पर पोस्ट में यह घोषणा की। अमेरिका और ईरान के बीच 'बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत' हुई है, जिससे युद्ध का 'पूर्ण और निर्णायक समाधान' निकल सकता है। ट्रंप ने कहा कि बातचीत 'पूरे सप्ताह' जारी रहेगी। अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों से चली बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि अगर बातचीत सफल रहती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। दरअसल, ट्रम्प ने दो दिन पहले ईरान को धमकी दी थी कि अगर 48 घंटे में होर्मुज रूट नहीं खोला गया तो वो ईरान के पावर प्लांट पर बड़ा हमला करेंगे। वहीं, इजराइली मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका ने ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने की तारीख 9 अप्रैल तय की है।





*इजराइली मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका ने ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने की तारीख 9 अप्रैल तय की है।*

### ईरान बोला, ट्रंप के साथ वार्ता नहीं हुई

ईरान ने दावा किया है कि ट्रंप के साथ उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ट्रंप एनर्जी की कीमतें कम करने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं। कई देश तनाव कम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हमारा साफ कहना है कि हमने यह युद्ध शुरू नहीं किया। इसलिए बात अमेरिका से की जानी चाहिए।

### ट्रंप बोले- सुप्रीम लीडर से नहीं किसी और से बातचीत कर रहे

ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ईरान के एक टॉप लेवल के व्यक्ति से बातचीत कर रहा है, ताकि युद्ध को खत्म किया जा सके। उन्होंने साफ किया कि यह बातचीत नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से नहीं हो रही है। हम मुतजबा खामेनेई की मौत नहीं चाहते। ईरान में भी वेनेजुएला की तरह जल्द नई सरकार बनेगी।

### दो और जहाज गैस लेकर जल्द पहुंचेंगे भारत

भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर फारस की खाड़ी से आगे बढ़ना शुरू कर चुके हैं और युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ेंगे। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत सोमवार दोपहर को ईरान के लारक और क्वेशम द्वीपों के बीच के जलक्षेत्र के पास थे। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय झंडे वाले जहाज में शामिल हैं जो पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद फारस की खाड़ी में फंस गए थे।

*(संबंधित पैकेज पेज-8 पर)*

**लोकसभा में बोले पीएम मोदी**

## कोरोनाकाल की तरह निपटने को तैयार रहें

### खाड़ी में युद्ध लंबा चला तो बिगड़ सकते हैं हालात, गर्मी का मौसम होगा चुनौतीपूर्ण



सरकार निपटने के लिए पूरी तरह तैयार : मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है, जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है। हालांकि लोगों को भी कोरोनाकाल की तरह तैयारी कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर लोकसभा में वक्तव्य देते हुए यह भी कहा कि इस संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है और इसका सामना देशवासियों को कोरोना संकट की तरह ही करना होगा।

### आम नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं

- पीएम ने कहा, नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा। 'सरकार अब तेल 27 की जगह 41 देशों से इंपोर्ट कर रही।
- पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा प्राथमिकता है।' 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं।
- ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

### तेल का पर्याप्त भंडार

- भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक कच्चे तेल का रणनीतिक भंडार है। 65 लाख टन से अधिक भंडारण पर काम किया जा रहा है।
- 'सरकार का प्रयास यह है कि जहां से संभव हो, वहां से तेल और गैस की आपूर्ति होती रहे।

**सरकार की दो टूक, अफवाहों पर ध्यान न दें**

## 10 नहीं 14.2 किलो का ही मिलेगा गैस सिलेंडर

### पेट्रोलियम मंत्रालय बोला-देश में गैस की कमी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्रालय ने 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर में 10 किलो गैस भरकर देने की खबर को अफवाह बताया है। मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और लोगों को अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। सभी उपभोक्ताओं को 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर ही दिए जाएंगे। इसमें कोई कटौती नहीं होगी। सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग में मंत्रालय ने ये भी बताया कि, होर्मूज रूट पार कर दो टैंकर 92,700 मीट्रिक टन गैस लेकर भारत की ओर रवाना हो गए हैं।



### पैनिक बुकिंग घटी, अब रोज 50 लाख की बुकिंग

- सरकार के मुताबिक, कुछ दिनों में गैस की कमी के डर से लोगों ने तेजी से एडवांस बुकिंग (पैनिक बुकिंग) शुरू कर दी थी। अब इसमें कमी आई है। पहले जो बुकिंग का आंकड़ा 88 लाख तक पहुंच गया था, वह अब घटकर लगभग 50 लाख के आसपास आ गया है।
- गुजरात के अहमदाबाद समेत कई शहरों में सुबह पेट्रोल पंप बंद होने की अफवाह फैल गई। इसके बाद कई शहरों के पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### हरियाणा की नई गाइडलाइन : आज से मिलेंगे 5 किलो के कमर्शियल सिलेंडर

**चंडीगढ़।** प्रदेश के खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर ने सोमवार को कहा कि प्रदेश में रसोई गैस को लेकर सरकार और प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। अब रेस्तरां, ढाबा तथा कैंटीन संचालकों को इसी हफ्ते से कमर्शियल सिलेंडर मिलना शुरू हो जाएगा। पेट्रोलियम व गैस मंत्रालय के सचिव की और से जारी निर्देश पर एलपीजी सप्लायर कंपनियों ने सिलेंडर वितरण करने की गाइडलाइन तय कर ली गई है। मंगलवार से कमर्शियल सिलेंडर से चल रही दिक्कतों को दूर करने में मदद मिलेगी। इसके तहत 5 किलो के गैस सिलेंडर एजेंसी पर ही मिलेंगे। गैस प्लांटों से एजेंसी के गोदाम तक मंगलवार से सिलिंडर पहुंचने लगेंगे। गैस डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन उपाध्यक्ष शशिकांत ने बताया कि बाहर से आ काम करने वाले लोगों का भी ध्यान रखने का कहा है। उन्हें पांच किलो का कमर्शियल सिलेंडर एजेंसी से दिया जाएगा।

*प्रदेश में पीएनजी कनेक्शनधारकों को एलपीजी सिलेंडर सरेंडर करना होगा वरना पीएनजी की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं।*

## बहादुरगढ़ में तेज रफ्तार कैंटर ने 7 को रौंदा, 3 लोगों की मौत

दो पिलर्स के बीच फंस कर रुका कैंटर • सड़क पर बिछीं लाशें और बिखरा खून

**बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** एक तेज रफ्तार कैंटर सोमवार को एमआईई के मामा चौक से लेकर बाईपास पर नए बस स्टैंड तक 7 लोगों को रौंदते हुए निकल गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित 4 लोग घायल हो गए। फिर कैंटर फ्लाईओवर के पिलर्स में फंसकर रुक गया और ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पहला हादसा दिल्ली-रोहतक रोड पर आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र स्थित मामा चौक पर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। यहां कैंटर ने सड़क पार कर रहे दो प्रवासी युवकों को कुचल दिया। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। इनमें अशोक और



शंभूराम शामिल हैं। दोनों बिहार के रहने वाले थे। इसके बाद कैंटर चालक ने नए बस अड्डे के पास खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। यहां बाइक सवार योगेंद्र निवासी कानोंदा की मौत हो गई। उसका साथी प्रवीण घायल हो गया। ऑटो में सवार महिला प्रेम, उनके पति कृष्ण और ऑटो चालक जयवीर घायल हो गए। महिला को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है।

## ट्रेन से गिरने पर स्वर्ण पदक विजेता फूल कुमार की मौत

सोनीपत में हादसा चंडीगढ़ में पदक जीतकर वापस लौट रहे थे **भिवानी के 70 वर्षीय एथलीट**

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** चंडीगढ़ में हुए 5वें खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर अपने घर भिवानी वापस लौट रहे रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारी व एथलीट भिवानी के फूल कुमार (70) की चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। वह जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन सफर कर रहे थे, जब ट्रेन सोनीपत के राठधना व नरेला स्टेशन के बीच पहुंची, तो ट्रेन से गिर गए। जीआरपी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर सोमवार के परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टटीरी से जुड़े 154 वीडियो और 703 इंस्टा रील हटाई

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा पुलिस ने रैपर बादशाह के विवादित गाने 'टटीरी' के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने अब तक इस गाने से जुड़े कुल 857 लिंक हटवाए हैं। इनमें 154 यूट्यूब वीडियो और 703 इंस्टाग्राम रील्स शामिल हैं। पुलिस ने कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर सॉन्ग के सभी वर्जन जऔर अन्य फॉर्मेट को तुरंत हटाने के निर्देश दिए हैं।

पंचकूला-जींद में 6 मार्च को बादशाह पर दर्ज हुई एफआईआर

## सुसाइड केस में आप के पूर्व मंत्री भुल्लर गिरफ्तार



**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब में वेयरहाउस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (डीएम) गगनदीप सिंह रंधावा के सुसाइड केस में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया है। अमृतसर के डीसीपी रविंदर पाल ने कहा कि उन्होंने फतेहगढ़ साहब पुलिस की मदद से लालजीत सिंह भुल्लर को मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार किया है।

## फरीदाबादः पंक्चर की दुकान चला रहा पाक जासूस पकड़ा

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले गैंग के सदस्य नौशाद अली उर्फ लालू को गाजियाबाद पुलिस ने फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। नौशाद पेट्रोल पंप पर पंक्चर बनाने की दुकान चला रहा था। वह रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के फोटो वीडियो बनाता था और उसे व्हाट्सएप्स ग्रुप्स के जरिए पाकिस्तान भेजने का काम करता था। इसके लिए एक फोटो पर उसे 4 से 6 हजार रुपए मिलते थे। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि अभी तक इसमें गैंग के सरगना मेरठ के सुहेल सहित 22 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पेट्रोल पंप पर चला रहा था पंक्चर की दुकान

**एमबीबीएस परीक्षा घोटाले में हाईकोर्ट का फैसला**

दो छात्राओं के निष्कासन आदेश को रद्द किया

## उचित सुनवाई और दस्तावेजों के बिना किसी भी छात्र के खिलाफ कठोर कार्रवाई ठीक नहीं



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के एमबीबीएस एग्जाम घोटाले से जुड़े बहुचर्चित मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सोमवार को एक फैसला सुनाते हुए 2 छात्राओं के निष्कासन आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए स्पष्ट कहा कि उचित सुनवाई और दस्तावेज उपलब्ध कराए बिना किसी भी छात्र के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना कानूनन टिकाऊ नहीं है। यह किसी भी हिसाब से ठीक नहीं है। मामले के अनुसार खुशी सहरावत और विधि राणा ने रोहतक स्थित पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज द्वारा 2 फरवरी 2026 को जारी निष्कासन आदेश को चुनौती दी थी। विश्वविद्यालय ने परीक्षा में कथित गड़बड़ी के आरोप में छात्राओं को निष्कासित करते हुए उनके संबंधित विषयों के परिणाम भी रद्द कर दिए थे।

### छात्रों को नहीं मिला सुनवाई का अवसर

हाईकोर्ट के जस्टिस कुलदीप तिवारी की पीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि विश्वविद्यालय की अनुशासनात्मक कार्रवाई में गंभीर प्रक्रिया संबंधी खामियां हैं। कोर्ट ने कहा कि कुलपति ने अंतिम आदेश पारित करने से पहले न तो छात्राओं को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया और न ही बोर्ड आफ डिसिप्लिन की सिफारिशें और हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट उपलब्ध कराई। यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### 30 छात्रों की आंसर शीट में गड़बड़ी

विवि ने कहा, बड़े स्तर का घोटाला मामले में विश्वविद्यालय का पक्ष था कि बड़े स्तर पर परीक्षा घोटाला सामने आया था, जिसमें 30 छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं में गड़बड़ी मिली। जांच में उत्तर पुस्तिकाओं के सीरियल नंबर में अंतर, कॉपियों की अदला-बदली और 46 खाली उत्तर पुस्तिकाओं के दुरुपयोग जैसी गंभीर अनियमितताएं सामने आई थीं। हैंडराइटिंग विशेषज्ञ की रिपोर्ट में भी संबंधित छात्रा की लिखावट मेल नहीं खाने की बात कही गई थी।

**अदालत की टिप्पणी :** हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि आरोप चाहे कितने भी गंभीर क्यों न हों, लेकिन बिना निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाएं कठोर दंड नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि प्राकृतिक न्याय का पालन किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई की अनिवार्य शर्त है।




## 9 आईपीएस व 14 एचपीएस का तबादला

- **हिमांशु गर्ग** : एमआईजी प्रोविजनिंग का अतिरिक्त कार्यभार
- **चंदर मोहन** : एसपी कुरुक्षेत्र
- **विनोद कुमार** : एसपी हांसी
- **नितीश अग्रवाल** : राज्यपाल के एडीसी, एसपी लोकायुक्त का अतिरिक्त प्रभार
- **उपासना** : एसपी सीआईडी
- **अमित यशवर्धन** : एपी /सिक्योरिटी सीआईडी हरियाणा
- **शुभम सिंह** : डीसीपी झज्जर
- **मनप्रीत सिंह सूदन**: एसपी कैथल नियक्त किया
- **अमरिंदर**: सिंह डीसीपी /क्राइम एवं ट्रैफिक, पंचकूला
- **भारती डबास** : कमांडेंट 4वीं बटालियन, हरियाणा सशस्त्र पुलिस, मधुबन, करनाल
- **अमित दहिया**: एसपी स्टेट क्राइम ब्रांच, पंचकूला
- **जितेन्द्र गहलावत**: डीसीपी /गोहाना (सोनीपत)
- **सुरिंदर सिंह** : डीएसपी सिवानी
- **आर्यन चौधरी** :डीएसपी, पंचकूला का कार्यभार
- **सुरेश कुमार** : डीएसपी कुरुक्षेत्र का कार्यभार
- **रोहताश कुमार** : डीएसपी कैथल नियुक्त किया
- **रणधीर सिंह** : डीएसपी पिहोवा
- **निर्मल कुमार**: डीएसपी लाडवा
- **जगबीर सिंह** : डीएसपी अंबाला नियुक्त किया
- **दीपक सिंधु** : डीएसपी भोंडसी
- **जोगिंदर शर्मा** : एएसपी खरखौदा बनाया गया
- **जय भगवान**: डीएसपी गोहाना
- **शमशेर सिंह**: एएसपी झज्जर

### ट्यूबवेल के पानी की जांच करवाएगी सरकार

**चंडीगढ़।** प्रदेश के किसान और कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने साफ कर दिया है कि प्रदेश में पेयजल और सिंचाई पानी की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए लगभग आठ लाख ट्यूबवेलों के पानी की जांच होगी, पहले चरण अर्थात नए वित्तीय वर्ष में लगभग तीन लाख ट्यूबवेल के पानी की जांच कराने का लक्ष्य रखा गया है। राणा का कहना है कि जांच में पता चलेगा कि पानी में आर्सेनिक, फ्लोराइड, आयरन, बैक्टीरिया कितनी मात्रा में हैं। इसके अलावा अगले एक साल में भिवानी, रोहतक, गुरुग्राम और झज्जर सहित विभिन्न जिलों में एक लाख 40 हजार सेमग्रस्त भूमि को खेती के लायक बनाया जाएगा।

### आयोग ने गुरुग्राम हादसे का संज्ञान लिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने गुरुग्राम में दिल्ली–जयपुर एक्सप्रेसवे के निकट सिधरावली गांव स्थित निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थल पर हुए दुखद हादसे से संबंधित हालिया मीडिया रिपोर्टों का स्वतः संज्ञान लिया है। घटना में एक दीवार गिरने से कम से कम सात मजदूरों की मृत्यु हो गई तथा कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट एवं प्रारंभिक जानकारी से ज्ञात होता है कि, एक कंक्रीट की रिटेनिंग वॉल (सहारा दीवार) के ढहने से मिट्टी धंस गई, जिसके कारण कई मजदूर मलबे के नीचे दब गए थे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हकृवि में खरीफ कृषि मेले का शुभारंभ किया

# किसान देश की ताकत, राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका

■ मुख्यमंत्री ने 21 महिलाओं सहित 42 प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं राष्ट्र निर्माता भी है। आपकी मेहनत से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। आपकी समृद्धि में ही देश की समृद्धि संभव है। सीएम सैनी सोमवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय खरीफ कृषि मेला-2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि आज नवरात्र के पावन अवसर पर मां स्कंदमाता की आराधना और शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस का संयोग हमें त्याग, तपस्या और समर्पण का संदेश देता है। इसी भावना के साथ कृषि मेले का आयोजन किया गया है, जो सतत कृषि-समृद्धि की राह विषय पर आधारित है। सीएम ने किसानों, वैज्ञानिकों और नवाचार को एक मंच पर लाने की पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि हकृवि द्वारा आयोजित यह मेला किसानों की मेहनत और वैज्ञानिकों की दूरदृष्टि का प्रतीक है। विश्वविद्यालय ने उन्नत बीज, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य और जलवायु-स्मार्ट कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज देश के खाद्यान्न भंडार में दूसरा सबसे बड़ा योगदान देने वाला राज्य बन चुका है।

### किसानों को सशक्त कर रही डबल इंजन सरकार

डबल इंजन सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए खेती को लाभकारी उद्यम में बदलने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कृषि क्षेत्र की चुनौतियों जैसे गिरता जल स्तर, मृदा उर्वरता में कमी और जलवायु परिवर्तन का जिक्र करते हुए आधुनिक और सतत खेती अपनाने पर जोर दिया। ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई, प्राकृतिक और जैविक खेती, तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग को समय की आवश्यकता बताया।इस मौके पर सीएम ने 21 महिलाओं सहित 42 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कृषि मेले में पहुंचने पर मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में समृद्ध किसानी का प्रतीक हल भी भेंट किया। कृषि मेले के दौरान मुख्यमंत्री ने मेले में लगाई गई विभिन्न स्टॉल का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता, विधायक सावित्री जिंदल, विधायक विनोद भयाणा, विधायक रणधीर पनिहार, भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव मौजूद रहे।

### पोषक अनाज अनुसंधान केंद्र किसानों को समर्पित

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भिवानी जिले के गोकुलपुरा गांव में नवनिर्मित पोषक अनाज अनुसंधान केन्द्र का उदघाटन किया। इस केन्द्र के निर्माण कार्यों पर 1167.17 लाख रूपये की धनराशि खर्च की गई है। गौरतलब है कि इस अनुसंधान केन्द्र का निर्माण 63 एकड़ भूमि पर किया गया है जो ग्राम पंचायत गोकलपुरा की ओर से आबंटित की गई है। राज्य सरकार की ओर से इस केन्द्र के लिए वैज्ञानिक और सहायक स्टाफ के कुल 93 पदों को मंजूरी दी गई है। इस अनुसंधान केन्द्र के शुरू होने से बाजरा, ज्वार, रागी तथा कंगनी आदि जैसे मोटे पोषक अनाज (श्रीअन्न) पर अनुसंधानों को और गति मिलेगी।

## पंजाब सरकार के मुंह से ईमानदारी का नकाब उतरा : मुख्यमंत्री

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार का ईमानदारी का नकाब अब उतर चुका है। यही नहीं, पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी सरकार की वादाखिलाफी व भ्रष्टाचार से त्रस्त है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को यहां आयोजित कृषि मेले के शुभारंभ के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पंजाब की जनता हरियाणा में विकास के माहौल और कल्याणकारी योजनाओं का उदाहरण दे रही है, क्योंकि राज्य सरकार ने किसानों, व्यापारियों, महिलाओं और युवाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।

■ मुख्यमंत्री बोले, आप सरकार के भ्रष्टाचार से पंजाब की जनता दु:खी

### अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री को दिया गोहाना रैली का न्योता

**चंडीगढ़।** सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने आगामी 29 मार्च को गोहाना की नई सब्जी मंडी में आयोजित होने वाली गोहाना विधानसभा धन्यवाद एवं विकास रैली में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को औपचारिक निमंत्रण दिया। डॉ. शर्मा ने बताया कि रैली सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भाग लेंगे। रैली को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है।

## पंजाब के नंगल में शहीदी दिवस पर गूंजा राष्ट्रभक्ति का संदेश, स्वदेशी का आह्वान

# युवा शक्ति शहीदों का अनुसरण करे : नायब





**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 23 मार्च का दिन भारत के इतिहास में अद्वितीय महत्व रखता है। यह दिन केवल स्मरण का नहीं, बल्कि संकल्प का दिन है, जब शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने हंसते-हंसते अपने प्राणों का बलिदान देकर राष्ट्र के स्वाभिमान को नई ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने कहा कि इन अमर शहीदों की शहादत आज भी हर भारतीय के मन में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित करती है।

■ स्वदेशी मेले व युवा सम्मेलन में युवाओं में जोश भरा

मुख्यमंत्री सैनी सोमवार को पंजाब के नंगल में आयोजित स्वदेशी मेला एवं युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शहीदों के सपनों के भारत के निर्माण का जीवंत संकल्प है। उन्होंने सेंटर फॉर इकोनॉमिक पॉलिसी रिसर्च और स्वदेशी जागरण मंच को इस प्रेरणादायी पहल के लिए बधाई दी।

### नशे के खिलाफ जनजागरण जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय में क्रांति का स्वरूप बदल चुका है। अब क्रांति तलवारों से नहीं, बल्कि विचारों, संकल्पों और सकारात्मक प्रयासों से आती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज की क्रांति नशे के खिलाफ जनजागरण, युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। जब नागरिक स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं, तो वे सीधे तौर पर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करते हैं और लाखों कारीगरों व छोटे उद्यमियों के जीवन में स्थिरता लाते हैं। स्वदेशी का यह मंत्र आपको अपने पैरों पर खड़ा करने का मंत्र है। स्वदेशी केवल एक शब्द नहीं है बल्कि यह एक आर्थिक दर्शन है। उन्होंने कहा कि 'लोकल फॉर वोकल' केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। यह उत्पादों की प्रदर्शनी नहीं बल्कि हमारी स्वदेशी भावना का उत्सव है। हमने स्वदेशी के संदेश को घर- घर तक पहुंचाना है।

## भाजपा ने भूपेंद्र हुड्डा को क्रॉस वोटिंग का इनाम दिया : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा पर हमलावर होते हुए हरियाणा की जनता को 2016 और 2022 के राज्यसभा चुनाव अच्छी तरह याद हैं, जब कांग्रेस के पास पर्याप्त संख्या होने के बावजूद भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार राज्यसभा पहुंच गए थे। साथ ही अब भाजपा ने भी अपने स्लीपर सेल भूपेंद्र हुड्डा को 16.50 लाख का इनाम भी दिया है। इसका सीधा मतलब है भाजपा और कांग्रेस के बीच पर्दे के पीछे हर बार की तरह इस बार भी राजनीतिक समझौता हुआ है। ढांडा ने कहा कि हरियाणा की राजनीति में बीजेपी और कांग्रेस जनता के सामने विरोध का नाटक करती हैं। राज्यसभा चुनाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां कांग्रेस की संख्या होने के बावजूद निर्दलीय उम्मीदवारों का लगातार राज्यसभा पहुंचने से हुड्डा के मंसूबों का पर्दाफाश हो गया है। ढांडा बोले कि सीएम द्वारा भूपेंद्र हुड्डा की सरकारी कोठी का 16.50 लाख पेनल रेंट माफ किये जाने पर हुड्डा को खरी खोटी सुनाते हुए आरोप लगाया कि भूपेंद्र हुड्डा ने ही राज्यसभा चुनाव में भाजपा को जीत का सेहरा पहनाया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी अपने स्लीपर सेल को राज्यसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कराने का ईनाम दिया है।



## जेल वार्डरों की वर्दी पर लगेंगे हाईटेक बॉडी-वार्न कैमरे

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार और जेल अफसरों ने पूर्व में हुई घटनाओं से सबक लेते हुए अहम कदम उठाने का फैसला लिया है। आने वाले वक्त में जेल सुरक्षा सिस्टम को ज्यादा मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाने की तैयारी है। इस बारे में हरियाणा विधानसभा बजट सत्र में भी चर्चा हुई थी और जल्द ही ठोस कदम उठाने के लिए सरकार ने धनराशि खर्च करने का फैसला भी ले लिया है।नए वित्तीय वर्ष को लेकर राज्य सरकार ने खास तैयारी की है, इस क्रम में सभी जिला जेलों में तैनात जेल वार्डरों को बॉडी वार्न कैमरों से लैस करने की योजना पर अमल किया जाएगा। योजना के तहत करीब 3 हजार हाईटेक कैमरे खरीदे जाएंगे, इसके लिए बजट स्वीकृत हो चुका है और अप्रैल में टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके पीछे गैंगस्टरों और उनके गुर्गों के साथ संभावित सांठगांठ पर रोक लगाने की तैयारी है। सरकार के फैसले से कैदियों की हर एक्टिविटी रिकॉर्ड की जाएगी और फिर इसका रिव्यू भी किया जाएगा, जिससे बेहतर फैसले लिए जा सके।



■ सरकार ने तीन हजार कैमरे खरीदने की दी मंजूरी

## साइबर ठगी में राहत की शर्त: रकम लौटाओ या कोर्ट में जमा करो, तभी मिलेगी जमानत

**चंडीगढ़।** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में आरोपित को जमानत देने से पहले ठगी गई राशि पीड़ित को लौटाना या अदालत में सुरक्षित जमा कराना अनिवार्य होगा। अदालत ने कहा कि जिस रकम के आरोपित के खाते में जमा होने के स्पष्ट साक्ष्य हों, उसे या तो शिकायतकर्ता को वापस किया जाए या फिर फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडीआर) के रूप में अदालत में जमा कराया जाए, ताकि पीड़ित को बिना देरी राहत मिल सके। यह अहम टिप्पणी जस्टिस संजय वशिष्ठ की पीठ ने महेंद्रगढ़ साइबर थाना में दर्ज एक ठगी मामले की सुनवाई के दौरान की। मामले में सूरज चौधरी और हेमराज ने नियमित जमानत की मांग की थी। अभियोजन के अनुसार, शिकायतकर्ता शुभम को व्हाट्सएप के जरिए होटल रेटिंग का टास्क दिया गया। शुरुआत में छोटी रकम देकर भरोसा बनाया गया, लेकिन बाद में अधिक पैसे निवेश करवाकर कुल करीब 5.30 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। सुनवाई के दौरान हेमराज की ओर से अदालत को बताया गया कि उसके खाते में आई 95 हजार रुपये की राशि को वह फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडीआर) के रूप में अदालत में जमा कराने को तैयार है। वहीं, सूरज चौधरी की ओर से कहा गया कि उसके खाते में कोई रकम ट्रांसफर नहीं हुई और उसके खिलाफ कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य भी नहीं है।



■ हाईकोर्ट सख्त, 5 .30 लाख की ठगी केस में दो आरोपियों को सशर्त बेल

## पिकअप-बाइक की टक्कर में तीन लोगों की मौत

■ मरने वालों में पिता व दो बेटियां, पत्नी व एक अन्य बेटी की हालत गंभीर, मेडिकल में भर्ती

**हिसार।** नेशनल हाइवे 52 पर सोमवार की देर सायं गांव गैबीपुर के पास हुए सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार व उसकी दो मासूम बेटियों की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी व एक अन्य बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

सड़क हादसे की सूचना पुलिस को दे दी गई है। बताया जाता है कि ढाणी मोहब्बतपुर निवासी 30 वर्षीय मुकेश, पत्नी आरती और तीन छोटी बेटियों को लेकर बरवाला से गांव प्रभुवाला की तरफ जा रहा था। इस दौरान मोटरसाइकिल की सामने से आ रही एक पिकअप के साथ जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इससे मुकेश एवं उसकी 4 वर्षीय तथा 6 वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मृतक मुकेश की पत्नी आरती एवं करीब डेढ़ वर्षीय बेटी दीक्षा गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों को तुरंत उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल भर्ती करवाया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। उधर, मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही आरोपी पिकअप चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

## अब प्रिंसिपल और मुख्य अध्यापक अपने स्तर पर स्कूल में करवा सकेंगे छोटे-मोटे काम

**चंडीगढ़।** हरियाणा शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने और बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब स्कूलों के मुखिया मुख्य अध्यापक और प्रिंसिपल अपने स्तर पर स्कूल परिसर में होने वाले कार्यों को करवा सकेंगे।। अर्थात अब छोटे छोटे कामों और मूलभूत सुविधाओं के लिए उनको डीईओ और शिक्षा निदेशालय में फाइल लेकर धक्के खाने की जरूरत नहीं होगी। निदेशालय और जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से अनुमति लेने की औपचारिकता को समाप्त कर दिया गया है।

### ये काम करवा सकेंगे

शिक्षा मंत्री के निर्देशों के बाद में टूटे स्विच, पंखों आदि की मरम्मत का कामकाज, बिजली की वायरिंग, पेयजल की व्यवस्था और टूटे हुए टोटी या नल और पाइप की लीकेज ठीक कराने जैसे कामकाज तुरंत ही कराने होंगे। इसके अलावा स्कूलों में दरवाजों-खिड़कियों और उनके हैंडल, शीशा बदलना और सफेदी और दरारें भरने, बरसात से पहले पहले छतों की मुरम्मत आदि का काम भी हो सकेगा। शौचालयों की मरम्मत और सफाई व्यवस्था वाले काम करवा सकेंगे।

## 28 को चंडीगढ़ में जुटेंगे मशहूर लेखक

**चंडीगढ़।** नवंबर में हुए सीएलएफ लिटराटी 2025 के 13वें एडिशन की जबरदस्त सफलता के बाद, चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी (सीएलएस) सीएलएफ 2026 के स्प्रिंग एडिशन को शनिवार, 28 मार्च, 2026 को हयात सेंट्रिक, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार है । यह बहुप्रतीक्षित साहित्यिक आयोजन एक बार फिर मशहूर लेखकों, कवियों, विचारकों और सांस्कृतिक आवाज़ों को एक साथ लाएगा, जो दर्शकों को बातचीत, नए विचारों, क्रिएटिविटी और कल्चरल एक्सचेंज के लिए एक शानदार मंच प्रदान करेगा। साहित्यक उत्सव की घोषणा करते हुए, चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी की चेयरपर्सन और फेस्टिवल डायरेक्टर, डॉ. सुमिता मिश्रा (आईएएस) ने कहा कि सीएलएफ लिटराटी के जरिए, हम एक ऐसी वाइब्रेंट जगह बनाने की कोशिश करते हैं जहां लेखक, विचारक और पाठक साहित्य का जश्न मनाने और विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ आते हैं। स्प्रिंग एडिशन 2026 इस सफ़र को जारी रखेगा, जिसमें दिलचस्प बातचीत पेश की जाएगी जो प्रेरित करती है।



■ स्प्रिंग एडिशन का आयोजन

# माजरा एम्स में एमबीबीएस की कक्षाएं नए सत्र से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वीकृत की 50 सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

माजरा में निर्माणाधीन एम्स में नए शैक्षणिक सत्र में एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। नए सत्र में 50 सीटों पर दाखिला होने को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से स्वीकृति दी गई है। एम्स की ओपीडी शुरू कराने के लिए अभी अनुमति का इंतजार है। खास बात यह है कि देश में माजरा से पहले निर्माण शुरू होने वाले दो अन्य एम्स से पहले माजरा में एमबीबीएस कक्षाएं शुरू कराने को अनुमति दी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार को ही माजरा एम्स कि उप निदेशक के नाम एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में एम्स में 50 सीटों पर दाखिला देने को स्वीकृति दी गई है। माजरा से पहले देश में उत्तराखंड के गढ़ गंगा और जम्मू-कश्मीर के अवंतीपुरा में दो एम्स का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इन दोनों एम्स में अभी तक एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू होने को स्वीकृति नहीं दी गई है। एमबीबीएस कक्षाएं प्रवेश परीक्षा संपन्न होने के बाद शुरू हो जाएंगी। संभावना जताई जा रही है कि अगस्त में नया एम्स डॉक्टर तैयार करने के लिए प्रवेश शुरू कर देगा। इससे पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एम्स में स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू की थी, जिसके तहत विभिन्न पदों के आवेदन आमंत्रित किए गए थे। एम्स में एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू करने को अनुमति मिलने के बाद पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है। माजरा एम्स में एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू करने के साथ-साथ एम्स प्रशासन की ओर से ओपीडी शुरू कराने के लिए स्वीकृति मांगी गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से अभी इसे स्वीकृति नहीं दी गई है। एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराने की अनुमति के बाद एम्स निदेशक की ओर से सोमवार को ही मंत्रालय को ओपीडी की अनुमति के लिए रिमाइंडर भेजा है। अगर ओपीडी को भी जल्द स्वीकृति मिलती है, तो अगस्त माह में कक्षाएं और ओपीडी दोनों साथ-साथ शुरू हो सकते हैं।

■ ओपीडी शुरू कराने के लिए अनुमति का इंतजार



### एमबीबीएस की कक्षाएं अगस्त में : निदेशक

माजरा निदेशक डीएन शर्मा ने बताया किया केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से नए शैक्षणिक सत्र में एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू कराने को स्वीकृति दे दी गई है। ओपीडी शुरू कराने के लिए मंत्रालय को रिमाइंडर भेजा जा रहा है। कक्षाएं और ओपीडी दोनों साथ-साथ शुरू होने की संभावना है।

### लंबे संघर्ष का परिणाम एम्स

माजरा एम्स की घोषणा तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने वर्ष 2015 में बावल में तत्कालीन मंत्री डा. बनवारीलाल के संयोजन में हुई रैली के दौरान की थी। इसके बाद उन्होंने खुद इसकी संभावनाओं से इनकार कर दिया था। एम्स निर्माण को लेकर एक आंदोलन खड़ा हुआ, तो केंद्र सरकार ने राव इंद्रजीत सिंह की मांग पर वर्ष 2019 में एम्स को मंजूरी प्रदान की थी। पहले एम्स का निर्माण मनेठी में कराने को स्वीकृति दी गई थी, परंतु बाद में वहां की जमीन को अरावली की बताते हुए उस जमीन पर एम्स निर्माण की संभावनाओं के खारिज कर दिया गया था।

# नेता विपक्ष पर सरकार का नरम रुख पीनल रेंट में राहत देने की तैयारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा के पूर्व सीएम और नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा को अलाट सरकारी आवास पर लगाए गए पीनल रेंट (दंडात्मक किराये) को लेकर सूबे की नायब सैनी सरकार का रुख नरम दिखाई दे रहा है। राज्य सरकार 16 लाख से ज्यादा किराये को माफ करने की तैयारी में है। पीनल रेंट उस अवधि का है, जब कांग्रेस पार्टी की ओर से एक साल से ज्यादा समय तक कांग्रेस विधायक दल के नाम की घोषणा में देरी की गई। दरअसल, चंडीगढ़ सेक्टर सात में जो सरकारी आवास पूर्व सीएम और नेता विपक्ष के नाम पर अलॉट है, उक्त आवास लंबे अर्से से हुड्डा के पास में है।



इस बार अच्छे खासे विधायक जीतकर आने के बाद भी कांग्रेस हाईकमान की ओर से नेता विपक्ष का नाम घोषित करने में देरी की गई। पिछली बार भी क्योंकि नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही थे, इसलिए वे इस आवास में ही रहते रहे। इस बार एक साल तक नेता विपक्ष और कांग्रेस विधायक दल का नेता घोषित नहीं होने के कारण राज्य के सरकारी विभाग ने नियमों के हिसाब से पीनल रेंट ठोक दिया।

### हरियाणा कैबिनेट की बैठक में होगा मंथन

कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी फैसला ले सकते हैं। 2019 में हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनाया था । जिसके बाद में बतौर नेता विपक्ष (कैबिनेट मंत्री) के बराबर रैंक के कारण उन्हें सेक्टर 7 की यह कोठी नंबर 70 अलॉट की गई थी। इसके पहले 2014 से 2019 तक हुड्डा चंडीगढ़ के सेक्टर 3 स्थित एमएलए फ्लैट में रहते थे और एक साल तक नहीं खाली की कोठी नियमों के अनुसार सरकार बनने के बाद हुड्डा को 15 दिनों के अंदर अंदर कोठी नंबर 70 खाली करनी थी और उन्होंने कोठी नहीं छोड़ी। हरियाणा में विधानसभा चुनाव का रिजल्ट 8 अक्टूबर 2024 को आ गया था। जिसमें भाजपा ने 90 में से 48 सीटें जीतकर सरकार बना ली और सीएम नायब सैनी और उनके मंत्रियों ने 17 अक्टूबर 2024 को शपथ ली थी। विभाग की ओर से नेता विपक्ष का चयन नहीं होने के कारण पूर्व सीएम हुड्डा को दिसंबर 2024 में कोठी खाली करने के लिए लिखा गया था। पूर्व सीएम और नेता विपक्ष हुड्डा ने इसके लिए 15 दिन का वक्त मांगा था, लेकिन अब एक साल से ज्यादा समय हो चुका है।

प्रदेश में एक सप्ताह से मौसम की मार झेल रहे किसान, सरकारी मदद लेने के हैं दो तरीके

# फसल नुकसान की 72 घंटे के अंदर दें सूचना, तभी मिलेगा बीमा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पिछले एक सप्ताह के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में बेमौसम बारिश की वजह से रबी की फसलों में काफी नुकसान हुआ है। प्रदेश के कई जिलों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि से गेहूं व सरसों की फसल को नुकसान पहुंचा है। जहां गेहूं की फसल बिछने से उत्पादन पर असर दिखाई दे रहा है वहीं, सरसों के दाने झड़ गए हैं। किसानों की ओर से तत्काल गिरदारवरी कर मुआवजे की मांग की जा रही है। गौरतलब है कि जिन किसानों की फसलों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा हुआ है, उन्हें फसल नुकसान पर बीमा क्लेम मिलता है, बशर्ते 72 घंटे के अंदर फसल नुकसान की सूचना बीमा कंपनी, कृषि विभाग या संबंधित बैंक शाखा को दी जाए।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नए नियमों के तहत अब अगर एक भी किसान का नुकसान होता है तो बीमा कंपनी को उस नुकसान का मुआवजा देना होगा। हाल ही में फसल बीमा योजना के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वैज्ञानिक तरीके से सर्वे कर राहत उपलब्ध कराई जाए।

प्राकृतिक आपदाओं जैसे बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि या सूखे से होने वाले फसल नुकसान के लिए मुख्य रूप से दो तरीकों से सहायता प्रदान की जाती है।

## फसल बीमा योजना में इस तरह दें सूचना



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वह किसान शामिल होते हैं जिन्होंने अपनी फसल का बीमा कराया है। इसके लिए किसानों को फसल नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर देना अनिवार्य है। यह सूचना कृषि रक्षक पोर्टल **https://pmfby.gov.in/krph**, 'क्रॉप इंश्योरेंस एप' या हेल्पलाइन नंबर 14447 से दी जा सकती है। किसान व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 7065514447 पर भी संदेश भेज सकते हैं। इसके अलावा, किसान संबंधित बीमा कंपनी, नजदीकी कृषि कार्यालय या बैंक शाखा के माध्यम से जानकारी दे सकते हैं।

## बीमा नहीं तो किसानों को क्षतिपूर्ति पोर्टल से मिलेगी मदद

जिन किसानों ने बीमा नहीं कराया है, उन्हें राज्य सरकार क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से राहत प्रदान करती है। आमतौर पर 25 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर ही किसान सहायता के पात्र होते हैं। आपदा के बाद क्षतिपूर्ति पोर्टल ओपन होने से उस पर आवेदन करना होता है। इसके बाद नुकसान का आकलन करने के लिए संबंधित जिले के अधिकारी गिरदावरी या सर्वेक्षण करते हैं। इसके बाद 7 से 15 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा मिलता है।




## नवरात्र पर विशेष



### षष्ठम्-कात्यायनी

भगवती दुर्गा का छठा स्वरूप पुत्री स्वरूपा है। षि कात्यायन के अनुरोध पर देवी उनकी पुत्री के रूप में प्रकट हुई हैं सिंह वाहिनी देवी कात्यायनी ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी भी है। वृंदावन में गोपियों ने श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने के लिए देवी के कात्यायनी स्वरूप की ही आराधना की थी। देवी का कात्यायनी स्वरूप धन, वैभव और सुख प्रदाता है। स्वर्णमयी दिव्य स्वरूपा कात्यायनी देवी के तीन नेत्र और अष्ठ भुजाएं हैं। यह प्राणियों के हितार्थ षि कात्यायन की पुत्री के रूप में अवतरित हुई थीं। इनका वर्ग स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है–

*चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।*
*कात्यायनी शुभं दद्या देवी दानवघातिनी॥*


रिश्तों का मकड़जाल : पत्नी और प्रेमिका की हत्या के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

# पत्नी की हत्या कर सुसाइड नोट लिखा जान देने की नहीं हुई हिम्मत तो भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चंदाना गेट स्थित एक मकान में पत्नी शालू की हत्या करने वाला आरोपी पति अरुण खुद भी सुसाइड करने वाला था, लेकिन वह आत्महत्या करने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। आरोपी पत्नी की हत्या करने के बाद 9 घंटे तक उसके शव के साथ बैठा रहा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने यह राज खोला।

आरोपी ने बताया कि पूरी रात वह डेडबॉडी के पास ही बैठा रहा। दोनों बच्चे भी बेड पर ही सोते रहे। सुबह 11 बजे तक जब आरोपी की हिम्मत जवाब दे गई और कुछ नहीं सूझा तो सामने भाभी दामिनी को बताया कि मैंने अपनी पत्नी को मार दिया है, आप संभाल लेना। इसके बाद घर से भाग गया। गिरफ्तारी होने तक वह शहर में ही घूमता रहा। पुलिस के हाथ यह सुसाइड नोट भी लगा है। इसके अलावा पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है



अरुण व शालू। –फाइल फोटो

कि आरोपी गहने चोरी करने के मामले में जेल गया था। वह जमानत पर बाहर था। उधर, पत्नी का बठिंडा में मायके में अंतिम संस्कार किया गया। अरुण ने पूछताछ में बताया कि उसने दो बजे शालू का गला दबाया। उसे मरा समझकर वह वहीं बैठ गया, लेकिन थोड़ी देर बाद उसके शरीर में फिर हरकत हुई तो उसने दोबारा गला दबा दिया।

## लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिला की हत्या कर शव नहर में फेंका, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही महिला की हत्या कर शव नहर में फेंकने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान इकबाल सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी एम्प्लॉयज कॉलोनी, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि पुलिस ने इस बारे में जगन्नाथ पुत्र भागा राम निवासी पनिहारी, जिला सिरसा की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में जगन्नाथ ने बताया कि उसकी बेटी पिछले करीब 4 वर्षों से अपनी मर्जी से इकबाल सिंह के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। 15 मार्च को आरोपी द्वारा फोन कर सूचना दी गई कि उसकी बेटी का नहर में गिरने से निधन हो गया है। परिजनों द्वारा शव की पहचान की गई, लेकिन मृतका के माथे पर चोट के निशान होने के कारण उन्हें संदेह हुआ। बाद में गहन पड़ताल करने पर शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने 13-14 मार्च की रात को उसकी बेटी की हत्या कर शव को खुर्द-बुर्द करने की नीयत से सुखचैन माइनर यानी बड़ी नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया।

## पत्नी के बार-बार मायके जाने से थी परेशानी

कैथल शहर थाना प्रभारी गीता ने बताया कि सुसाइड नोट में आरोपी अरुण ने लिखा था कि वह अपनी पत्नी शालू से बहुत प्यार करता है, लेकिन उसके बार-बार मायके जाने के कारण उसे परेशानी होती है। वह हमेशा उस पर शक करता था। अब मायके वाले उसके पांच साल के बेटे और तीन साल की बेटी को अपने साथ ले गए।

## नाराज पत्नी के मायके से न लौटने पर लगाया फंदा

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह क्षेत्र में चौटाला रोड स्थित सतीश कॉलोनी में पत्नी के मायके जाने से परेशान होकर 22 वर्षीय विमलकांत मूल निवासी कानपुर, उत्तर प्रदेश ने कथित रूप से फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। इधर, घटना की सूचना मिलने पर हुडा सेक्टर -29 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी शव और घटनास्थल की जांच करवाई। वहीं, पुलिस की जांच में पता चला कि विमलकांत की पत्नी मायके गई हुई है और दोनों के बीच कथित विवाद चल रहा है। दोनों का गत वर्ष अप्रैल में ही विवाह हुआ था। पत्नी के जाने से वह परेशान चल रहा था। बताया जा रहा है कि पत्नी उससे तलाक मांग रही थी, लेकिन वह मनाने की कोशिश में लगा था।

व्यापारी के अपहरण के प्रयास की गुत्थी सुलझी

# जींद में चौथ मांगने वाले 2 बदमाशों का एनकाउंटर

■ एक के पैर में गोली मारी तो दूसरा गिरकर हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सीआईए तथा डिटेक्टिव स्टाफ की संयुक्त टीम ने रविवार रात गांव गतौली नहर पटरी पर मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को काबू किया है। इस दौरान दोनों बदमाश घायल हो गए। एक बदमाश गांव मालवी निवासी प्रवेश को पांव में गोली लगी है। वहीं, गांव मालवी निवासी सागर भागते हुए गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए हैं। दोनों घायल बदमाशों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गांव मालवी हाल जुलाना निवासी व्यापारी की गत 17 मार्च को कार सवार तीन लोगों ने अपहरण की कोशिश और 50 लाख की चौथ मांगी। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण की कोशिश, चौथ वसूलने की कोशिश करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था।

## मालवी का फौजी निकला मास्टरमाइंड



पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया तो गांव मालवी निवासी आर्मी की एजुकेशन कोर अरूणाचल प्रदेश में ड्यूटीरत विक्की का नाम सामने आया। जो फिलहाल 21 दिन की छुट्टी पर आया हुआ था। जिसकी दोस्ती गांव के ही सागर तथा बाइक रिपेयरिंग करने वाले प्रवेश से थी। तीनों ने मिलकर व्यापारी सुशील का अपहरण व एक करोड़ रुपये फिरौती वसूलने की योजना बनाई, लेकिन वारदात को अंजाम देने में असफल रहे। पुलिस ने फौजी को काबू किया तो अपने साथियों के नाम भी उगल दिए। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि डीएसपी उचाना के नेतृत्व में सीआईए, डिटेक्टिव स्टाफ टीमें आरोपितों का पीछा कर रही थी और संयुक्त प्रयास से यह सफलता हासिल हुई।






# चार महीने बाद जेल से बाहर आए अनंत सिंह

## बोले-झूठे मामले में फंसाया गया था

- तीन करोड़ की लैंड क्रूजर से घर पहुंचे, समर्थकों ने की जमकर आतिशबाजी
- 20 मार्च को राजद नेता को दुलारचंद हत्याकांड में पटना हाईकोर्ट से जमानत मिली थी

एजेंसी ▶▶| पटना

मोकामा से जदयू विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह 4 महीने बाद सोमवार 23 मार्च को बेऊर जेल से बाहर आए। जेल से बाहर आते ही उनके समर्थकों ने नारेबाजी की।




बाहुबली लैंड क्रूजर से जेल से घर के लिए निकले। उनके साथ 50 गाड़ियों का काफिला था। जेल से बाहर आने के बाद अनंत सिंह सीधे विधायक आवास पहुंचे। यहां उन्होंने हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है और वे घटना के समय स्थल से करीब 4 किलोमीटर दूर थे। उन्होंने कहा, "हम जल्दी कैसे छूट गए, ये सब कल बताएंगे। उन्हें ही क्यों फंसाया जाता है, अनंत सिंह ने तीखा जवाब देते हुए कहा, "बार-बार काहे फंसाया गया, हम बताएं? तुम ही जाकर पूछो। सब लोग जानते हैं कि हम 4 किमी दूर थे। उन्होंने आगे बताया कि वे कल बड़हिया जाएंगे और देवी मां की पूजा करेंगे। इधर, अनंत सिंह के आवास को फूल-मालाओं से सजाया गया। समर्थकों के लिए दावत का भी इंतजाम किया गया है। इसके तहत करीब 3 लाख रसगुल्ले तैयार किए गए हैं। साथ ही समोसा, पुड़ी, सब्जी, पुलाव समेत अन्य व्यंजन भी बनाए जा रहे हैं।

### विपक्षी दलों के साथ आमराय बनाने की कोशिश

# सरकार महिला आरक्षण को जल्द लागू करने की तैयारी में लोकसभा में होंगी 816 सीटें, 273 सिर्फ महिलाओं के लिए

सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक

केंद्र सरकार महिला आरक्षण कानून को जल्द से जल्द लागू करना चाहती है। इसीलिए उसने विपक्षी दलों से संपर्क कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) में संशोधन पर सहमति बनाने की कोशिश करते हुए यह सुझाव दिया है कि इसे आगामी जनगणना और उसके बाद होने वाली परिसीमन प्रक्रिया से अलग किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, पहले चरण में लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों की संख्या 2011 की जनगणना के आधार पर बढ़ाई जा सकती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में मौजूद विपक्षी दल के एक सांसद ने बताया कि एक प्रस्ताव के तहत लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती है। इनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती हैं।




### विपक्षी दलों से मिल रहे शाह

शाह ने सोमवार को संसद भवन में बीजेडी, वाईएसआरसीपी, एनसीपी (एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और एआईएमआईएम के नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद वे कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी के नेताओं से भी मिलने वाले हैं। बैठक में शामिल अन्य दलों के सूत्रों ने भी शाह के सुझावों की पुष्टि की। चूंकि जनगणना 2029 के बाद तक चल सकती है, इसलिए लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों में वृद्धि संविधान संशोधन के जरिए परिसीमन आयोग अधिनियम और महिला आरक्षण कानून में बदलाव कर की जा सकती है।

### राज्यों के प्रतिनिधित्व का अनुपात नहीं बदलेगा

सरकार के एक सहयोगी दल के सांसद ने भी पुष्टि की कि सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने पर विचार कर रही है और सभी राज्यों के प्रतिनिधित्व का अनुपात पहले जैसा ही रहेगा। इससे दक्षिणी राज्यों की उस चिंता को दूर करने की कोशिश होगी, जो जनसंख्या के अनुपात में सीटें बढ़ाने का विरोध कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, शाह द्वारा बैठक में दिए गए सुझावों के आधार पर लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि की जा सकती है। इस प्रस्ताव के जरिए सरकार एक संतुलित रास्ता निकालने की कोशिश कर रही है। जहां बढ़ती आबादी के अनुरूप प्रतिनिधित्व भी बढ़े और राज्यों के बीच मौजूदा राजनीतिक संतुलन भी बना रहे। अब नजर इस बात पर है कि इस प्रस्ताव को अंतिम रूप कब और कैसे दिया जाता है।

### यूपी चुनाव से पहले होगा लागू

सरकार इसे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड विधानसभा चुनावों से पहले लागू करना चाहती है। बैठक में मौजूद सांसद के अनुसार, महिलाओं के लिए सीट तय करने के लिए लॉटरी प्रणाली का प्रस्ताव भी रखा गया। हर तीसरी सीट महिलाओं के लिए हो सकती है। यह स्पष्ट नहीं है कि ये सीटें स्थायी होंगी या रोटेशन के आधार पर आरक्षित होंगी। सांसद ने कहा कि सीटों की संख्या 50 प्रतिशत तक बढ़ेगी, लेकिन लोकसभा में राज्यों के प्रतिनिधित्व का प्रतिशत नहीं बदलेगा। उत्तर प्रदेश में सीटों की संख्या 80 से बढ़कर 120 हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, सभी दलों से बातचीत के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सरकार मौजूदा सत्र में ही संशोधन बिल ला सकती है। इसके लिए संसद सत्र को बढ़ाया जा सकता है या विशेष सत्र भी बुलाया जा सकता है।

### विस चुनाव: चेन्नई में एनडीए नेताओं की बैठक के बाद सीट बंटवारे का ऐलान

# तमिलनाडु में भाजपा 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, एआईएडीएमके को 178 सीटें मिलीं

*सीट बंटवारा एनडीए के लिए अहम माना जा रहा है, जहां एआईएडीएमके के मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही*

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीटों का बंटवारा सोमवार को तय हो गया। समझौते के तहत भारतीय जनता पार्टी राज्य की 234 सीटों में से 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि गठबंधन का नेतृत्व कर रही अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम को सबसे ज्यादा 178 सीटें मिली हैं। गठबंधन के अन्य सहयोगियों में पट्टाली मक्कल काची को 18 सीटें और अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम को 11 सीटें दी गई हैं। इस तरह एनडीए ने राज्य में चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। तमिलनाडु में यह सीट बंटवारा एनडीए के लिए अहम माना जा रहा है, जहां एआईएडीएमके के नेतृत्व में गठबंधन मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। इस बीच, कांग्रेस ने एक अलग मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग से केरल भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि चंद्रशेखर ने बेंगलुरु के कोरमंगला क्षेत्र में स्थित करीब 49,000 वर्ग फीट के लगभग 200 करोड़ के बंगले की जान कारी छिपाई है।



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले चेन्नई स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एकजुटता दिखाते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, एआईएडीएमके के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी और पट्टाली मक्कल काची के सांसद अनबुमणि रामदास सहित अन्य नेता। फोटो : एजेंसी

- **पुडुचेरी विधान सभा चुनाव : कांग्रेस और द्रमुक के बीच सीट बंटवारे को लेकर सहमति बन गई, कांग्रेस 16 और द्रमुक 14 सीटों पर लड़ेगी**
- **केरल विधानसभा चुनाव : नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि समाप्त होने तक 1,202 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए**
- **पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव : वाम मोर्चा ने तीसरी सूची जारी की, जिसमें 15 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए, इससे पहले, वाम मोर्चा ने 224 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी।**
- **तमिलनाडु विधानसभा चुनाव : निर्वाचन आयोग की निगरानी और प्रवर्तन टीम ने तमिलनाडु में कुल 151.93 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, मादक पदार्थ और अन्य सामान जब्त किया।**

### बंगाल में पीएम मोदी की 14 और शाह की 8 रैली होंगी



पश्चिम बंगाल में जीत के लिए भाजपा ने मास्टरप्लान तैयार कर लिया है। इस बार पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी 14 रैली करेंगे। इसकी शुरुआत सिलीगुड़ी से होगी। वहीं, पीएम की बंगाल में आखिरी रैली भवानीपुर में होगा। यह दक्षिण कोलकाता की सबसे चर्चित सीट है। यहां सीएम ममता बेनर्जी और विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच सीधा मुकाबला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कुल 8 कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

### चुनाव आयोग ने डिजिटल वाउचर जारी किए, हर दल को 45 मिनट

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने दूरदर्शन और आकाशवाणी पर निःशुल्क प्रसारण और टेलीकास्ट समय के आवंटन के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर की मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों को डिजिटल वाउचर जारी किए हैं। दूरदर्शन और आकाशवाणी दोनों पर प्रत्येक पार्टी को 45 मिनट का आधार समय निःशुल्क दिया जाएगा। यह समय राज्य के क्षेत्रीय नेटवर्क पर सभी दलों को समान रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।

## असम में जोरहाट से गौरव गोगोई ने नामांकन पत्र दाखिल किया



कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने जोरहाट विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गोगोई राज्य विधानसभा चुनाव में पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गोगोई ने जोरहाट स्टेडियम से रैली शुरू करने से पूर्व विभिन्न धार्मिक स्थलों का दौरा किया। लगभग तीन घंटे बाद इस रैली का समापन जिला आयुक्त कार्यालय पर हुआ। जोरहाट से सांसद गोगोई ने नजीर अली क्षेत्र स्थित अपने पैतृक आवास का भी दौरा किया और अपने पिता एवं असम के पूर्व सीएम तरुण गोगोई की तस्वीर के समक्ष खड़े होकर प्रार्थना की तथा श्रद्धांजलि दी।

### वडोदरा में 'आदिवासी अधिकार संवाद' कार्यक्रम में बोले विपक्ष के नेता

# आदिवासियों को 'वनवासी' कहना संविधान का अपमान: राहुल गांधी

- कुछ लोग संविधान की बात करते हैं, लेकिन वही लोग आदिवासियों के अधिकारों को कर रहे हैं कमजोर

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

गुजरात दौरे पर गए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। वडोदरा में आयोजित आदिवासी अधिकार संविधान सम्मेलन में राहुल गांधी ने यह भी कहा कि आदिवासियों को वनवासी कहना संविधान और आदिवासी नेता बिरसा मुंडा का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस




तरह के शब्दों का इस्तेमाल आदिवासी समाज की पहचान को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की विरासत और उनके विचारों पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ लोग संविधान की बात करते हैं, लेकिन वही लोग आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर कर रहे हैं।

### कांग्रेस का ब्रिक्स समिट को लेकर पीएम से सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए सवाल उठाया है कि वेस्ट एशिया संकट से निपटने के लिए ब्रिक्स समिट को आगे क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा। पार्टी का आरोप है कि मोदी अमेरिका और इजराइल को नाराज नहीं करना चाहते। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा- भारत इस साल नई दिल्ली में 18वीं ब्रिक्स समिट की मेजबानी करने वाला है। ऐसे में सरकार को वेस्ट एशिया संकट पर कूटनीतिक पहल के लिए इस मंच का इस्तेमाल करना चाहिए। खुद को 'विश्वगुरु' बताने वाले पीएम इस दिशा में पहल क्यों नहीं कर रहे हैं। रमेश ने आरोप लगाया कि मोदी ट्रम्प और इजराइल के पीएम नेतन्याहू को नाराज नहीं करना चाहते।

# प्रयागराज: अमोनिया गैस टैंक फटने से कोल्ड स्टोरेज धराशायी, 4 की मौत

**प्रयागराज।** फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का कोल्ड स्टोरेज तेज धमाके के साथ धराशायी हो गया। अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते यह हादसा हुआ है। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर दब गए। चार मजदूरों के मौत हो गई। छह की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिले भर की एंबुलेंस को राहत बचाव कार्य में लगाया गया। एनडीआरएफ और एसडीआरफ की



टीम रेस्क्यू आपरेशन में जुटी है। हादसे के चलते मलाक हरहर में लखनऊ हाईवे पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया। मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

### महाराष्ट्र: केमिकल लीक 22 मजदूर भर्ती

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर के बोइसर इलाके में स्थित तारापुर एमआईडीसी में एक दवा बनाने की फैक्ट्री में रसायन के रिसाव के बाद 20 से अधिक कर्मचारी अस्पताल में भर्ती कराए गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पालघर की कलेक्टर इंदु रानी जाखड़ ने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर करीब 1:45 बजे एक टैंकर में डाई-मिथाइल सल्फेट भरते समय घटी। टैंकर की वेंट लाइन से थोड़ी मात्रा में रसायन जमीन पर फैल गया।

### ज्यूडिशियरी ज्यादा सख्त हो रही: जस्टिस भुइयां

- इसलिए लोग जेलों में सड़ रहे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा कि ज्यूडिशियरी के कुछ हिस्से 'मोर लॉयल देन द किंग सिंड्रोम' से ग्रस्त हैं। यानी ये हिस्से राजा से भी ज्यादा वफादार होने की प्रवृत्ति अपना चुके हैं। इसके कारण ही लोग महीनों तक जेलों में सड़ते रहते हैं। जस्टिस भुइयां ने यह बात बेंगलुरु में हुए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की पहली नेशनल समिट के दौरान कही। 'विकसित भारत में न्यायपालिका की भूमिका' विषय पर पैनल डिस्कशन के दौरान जस्टिस भुइयां ने कहा- कुछ मामलों में सिस्टम इतना ज्यादा सख्त हो रहा है कि जरूरत से ज्यादा केस दर्ज हो रहे हैं। बार एंड बेंच की एक खबर के मुताबिक जस्टिस भुइयां ने सरकार और न्यायपालिका के संबंधों, पीएमएलए, यूएपीए कानूनों के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल पर भी अपनी बात रखी।

### सुको भवन पर राष्ट्रीय प्रतीक की मांग खारिज

- मामला न्यायिक नहीं : सीजीआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की बिल्डिंग के गुंबद पर राष्ट्रीय प्रतीक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला न्यायिक नहीं, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर विचार का विषय है। यह याचिका बदरवाड़ा वेणुगोपाल उर्फ बरा खतरनाक की तरफ से दायर की गई थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच ने याचिका पर सुनवाई की। सीजेआई ने सुनवाई के दौरान कहा कि सुप्रीम कोर्ट की नई बिल्डिंग बन रही है और इस मुद्दे पर उस समय विचार किया जा सकता है। याचिकाकर्ता ने मौजूदा भवन पर राष्ट्रीय प्रतीक लगाने की मांग की। इस पर कोर्ट ने आश्वासन दिया कि इसके बारे में सोचा जाएगा, लेकिन ऐसे मामलों को याचिका के जरिए नहीं उठाया जाना चाहिए।

### जेडीयू पांच राज्यों में विस चुनाव नहीं लड़ेगी

- गठबंधन धर्म और तैयारी की कमी को बताया वजह

**पटना।** देश के पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए बिगुल बज चुका है। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने एक चौंकाने वाला फैसला लिया है। जेडीयू ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इन पांचों राज्यों में इस बार अपने प्रत्याशी नहीं उतारेगी। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और असम के प्रभारी राजीव रंजन ने पार्टी का स्टैंड साफ करते हुए कहा कि पार्टी इस समय 'गठबंधन धर्म' का पालन कर रही है। उन्होंने कहा, 'चूंकि हमारा भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन है और इन राज्यों में हमारी चुनावी तैयारी भी उस स्तर की नहीं है, इसलिए पार्टी ने चुनाव मैदान से दूर रहने का निर्णय लिया है।

### केजरीवाल के बंगले पर 342% ज्यादा खर्च

- सीएजी रिपोर्ट विधानसभा में पेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में सोमवार को पेश की गई कैग रिपोर्ट के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के तत्कालीन आधिकारिक निवास, 6 फ्लैगस्टाफ रोड में नवीनीकरण का काम 33.66 करोड़ रुपये में पूरा हुआ, जो अनुमानित लागत से 342 प्रतिशत अधिक था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा विधानसभा में पेश की गई नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की 2022 की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि 33.66 करोड़ रुपये में से 18.88 करोड़ रुपये "महंगी, कलात्मक और सजावटी" वस्तुओं पर खर्च किए गए थे। फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगला को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) "शीश महल" करार देते हुए केजरीवाल और उनकी सरकार पर हमले करती थी। केजरीवाल 2015 से 2024 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में रहे।

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च की तीन बड़ी पहल

# एआई कौशल और डिजिटल कंटेंट को मिलेगा बढ़ावा, गूगल और यूट्यूब के साथ 'समझौता'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सुलभ प्रौद्योगिकी और मजबूत डिजिटल कंटेंट इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन नई पहलों का अनावरण किया। इन पहलों में एआई कौशल प्रशिक्षण, लोगों के लिए कंटेंट प्लेटफॉर्म और टीवी देखने की सुविधा को आसान बनाना शामिल है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गूगल और यूट्यूब के साथ साझेदारी में 15,000 रचनाकारों और मीडिया पेशेवरों के लिए राष्ट्रीय एआई कौशल प्रशिक्षण पहल शुरू की है। जो 23 मार्च से 30 जून तक चलेगा।



### 'मायवेव्स' फीचर लॉन्च

मंत्रालय ने वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म के तहत 'मायवेव्स' फीचर लॉन्च किया है। यह एक यूजर-जनरेटेड कंटेंट प्लेटफॉर्म है, जहां लोग अपनी सामग्री बना, अपलोड और साझा कर सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म शॉर्ट वीडियो, वर्टिकल वीडियो और एपिसोडिक कंटेंट जैसे कई फॉर्मेट को सपोर्ट करेगा।

### डीडी फ्री डिश देखने को सेटटॉप बॉक्स जरूरी नहीं

सरकार ने टीवी देखने के अनुभव को सरल बनाने के लिए बिल्ट-इन सैटेलाइट ट्यूनर वाले टीवी और नया उन्नत प्रोग्राम गाइड (ईपीजी) भी पेश किया है। अब दर्शकों को डीडी फ्री डिश चैनल देखने के लिए अलग से सेटटॉप बॉक्स की जरूरत नहीं होगी। इससे अतिरिक्त खर्च, वायरिंग और कई रिमोट के झंझट से राहत मिलेगी।

### विश्व टीबी दिवस आज : बीमारी के खिलाफ भारत की लड़ाई तेज हुई

# नोएडा से आज जेपी नड्डा लॉन्च करेंगे 100 दिन का अभियान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह आयोजन यूपी के ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीएम नरेंद्र मोदी के टीबी-मुक्त भारत के विजन के अनुरूप, टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की प्रगति को दर्शाना है। यह राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत हासिल की गई प्रमुख उपलब्धियों, नवोन्मेषी रणनीतियों और मजबूत सामुदायिक भागीदारी को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

टीबी मुक्त भारत एप और टीबी मुक्त शहरी वार्ड पहल का शुभारंभ होगा



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

### टीबी के मामलों की तेजी से पहचान करेंगे

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिन का सघन टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाएंगे और टीबी मुक्त भारत ऐप और टीबी मुक्त शहरी वार्ड पहल का शुभारंभ करेंगे। इन पहलों का लक्ष्य टीबी के मामलों की तेजी से पहचान करना, उपचार के प्रति समर्पण को बढ़ावा देना और टीबी सेवाओं की डिलीवरी को सुदृढ़ करना है।

**संकल्प: हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं!**

ये प्रयास विश्व टीबी दिवस 2026 का विषय 'हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं!' के अनुरूप हैं और टीबी के खिलाफ लड़ाई को तेज करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ये प्रयास पीएम नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण और उनकी कार्रवाई के आह्वान को प्रतिबिंबित करते हैं। उन्होंने टीबी-मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के देश के संकल्प पर जोर देते हुए यह संदेश दिया है कि हां, हम टीबी को खत्म सकते हैं।

### विश्व से पहले हासिल करेंगे लक्ष्य

विश्व टीबी दिवस 2026 का आयोजन टीबी उन्मूलन से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों को वैश्विक लक्ष्यों से पहले हासिल करने की दिशा में भारत के संकल्प को रेखांकित करता है। यह आयोजन टीबी को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने के लिए बहुक्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने की पुष्टि करेगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शामिल होंगे। जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ, विकास भागीदार, स्वास्थ्य सेवा पेशेवर और सामुदायिक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## चिंतन

# युद्ध के अल्पविराम को पूर्ण विराम में बदलने का वक्त

मध्य-पूर्व में तनाव के बीच हालात इस ओर इशारा कर रहे हैं कि अब बंदूकें खामोश होने को तैयार हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच हालिया तनाव में आया यह अल्पविराम महज एक रणनीतिक ठहराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए एक निर्णायक अवसर है। सवाल यह है कि क्या दुनिया इस मौके को पूर्ण विराम में बदल पाएगी, या फिर यह विराम अगली भीषण टकराहट का सिर्फ एक अंतराल बनकर रह जाएगा? इस संघर्ष ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनके झटके पूरी दुनिया को झकझोर देते हैं। तेल और गैस की कीमतों में उछाल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की नब्ज पर सीधा प्रहार किया है। विकासशील देशों के लिए यह संकट और गहरा है, जहां महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रही है। ऐसे में यह युद्ध केवल तीन देशों का मसला नहीं, बल्कि पूरी मानवता के आर्थिक और सामाजिक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। सामरिक दृष्टि से देखा जाए तो अमेरिका और इजराइल ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को गहरी चोट पहुंचाई है। उसके पूरे नेतृत्व को खत्म कर दिया। ईरान के कई रणनीतिक ठिकानों और आधारभूत ढांचे को ध्वस्त कर ईरान को करीब 20 से 25 साल पीछे धकेल दिया है। यह एक स्पष्ट संदेश है कि तकनीकी और सैन्य श्रेष्ठता आज भी निर्णायक भूमिका निभाती है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी जवाबी कार्रवाई से यह साबित कर दिया कि वह दबने वाला नहीं है। उसने न केवल अपने क्षेत्रीय प्रभाव को बनाए रखा, बल्कि सैन डियागो पर असफल हमला कर पश्चिमी देशों को यह चेतावनी भी दी कि किसी भी आक्रामक कदम की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यही वह बिंदु है, जहां यह युद्ध अपने "औचित्य" की सीमा पर पहुंच चुका है। जब दोनों पक्ष अपनी-अपनी ताकत का प्रदर्शन कर चुके हैं और एक-दूसरे को संदेश दे चुके हैं, तब संघर्ष को जारी रखना केवल विनाश को आमंत्रण देना होगा। युद्ध का उद्देश्य यदि राजनीतिक या सामरिक बढ़त हासिल करना था, तो वह काफी हद तक पूरा हो चुका है। अब आगे की लड़ाई केवल संसाधनों की बर्बादी और मानवता के खिलाफ अपराध बनकर रह जाएगी। ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले टालने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह फैसला दर्शाता है कि कूटनीति की खिड़की अभी बंद नहीं हुई है। पांच दिनों का यह ठहराव केवल सैन्य रणनीति नहीं, बल्कि संवाद के लिए एक संभावित दरवाजा है। हालांकि, ईरान द्वारा किसी भी बातचीत से इनकार और अपनी शर्तों पर अड़े रहना यह बताता है कि रास्ता अभी आसान नहीं है। ईरान की ओर से रखी गई शर्तें, अमेरिकी सैन्य ठिकानों का बंद होना, होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नए नियम और मीडिया से जुड़े व्यक्तियों पर कार्रवाई स्पष्ट रूप से उसकी रणनीतिक सोच को दर्शाती हैं। यह केवल युद्धविराम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश है। दूसरी ओर, अमेरिका और उसके सहयोगी इन शर्तों को स्वीकार करने की स्थिति में शायद ही हों। ऐसे में गतिरोध की स्थिति बनना स्वाभाविक है। फिर भी, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि तनाव कम होते ही तेल की कीमतों में गिरावट आई है। अब समय आ गया है कि बारूद की भाषा को छोड़कर बातचीत की भाषा अपनाई जाए। युद्ध का यह अल्पविराम इतिहास के पन्नों में एक निर्णायक मोड़ बन सकता है, बशर्ते इसे समझदारी और दूरदृष्टि के साथ पूर्ण विराम में बदला जाए।



**विश्लेषण**
राज कुमार सिंह

# दुनिया पर भारी पड़ता जंग का जुनून

> सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत ईरान के चार दर्जन शीर्ष नेताओं को अब तक मारने में सफलता के बावजूद वहां कठपुतली सरकार बनाने का अमेरिका-इजराइल का सपना अधूरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इच्छा के विपरीत ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना। मोजतबा ने युद्ध विराम से इनकार करते हुए साफ कर दिया है कि ईरानियों के खून का बदला लिया जाएगा और खाड़ी देशों से अमेरिकी सैन्य अड्डे नहीं हटे तो उन पर भी हमले जारी रहेंगे। ईरान को चंद दिनों में घुटनों पर ला देने का दम भरने वाले अमेरिका-इजराइल अब जंग खत्म होने तथा उसमें हो रही जन-धन हानि के सवालों से मुंह चुराने लगे हैं।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग का यह चौथा सप्ताह है, लेकिन शांति की कोशिशों के बजाय उसे भड़काने का जुनून ही सिर चढ़ कर बोल रहा है। जंग के पक्ष और सफलता को लेकर इन देशों के अपने-अपने तर्क और दावे हो सकते हैं, पर हकीकत डरावनी होती जा रही है। इस बीच अफवाह युद्ध भी जारी है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के मर जाने या घायल होने का दावा अमेरिका और इजराइल कर रहे हैं तो जवाब में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत का दावा किया जा रहा है।

सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत ईरान के चार दर्जन शीर्ष नेताओं को अब तक मारने में सफलता के बावजूद वहां कठपुतली सरकार बनाने का अमेरिका-इजराइल का सपना अधूरा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इच्छा के विपरीत ईरान ने खामेनेई के बेटे मोजतबा को ही अपना नया सर्वोच्च नेता चुना। मोजतबा ने युद्ध विराम से इनकार करते हुए साफ कर दिया है कि ईरानियों के खून का बदला लिया जाएगा और खाड़ी देशों से अमेरिकी सैन्य अड्डे नहीं हटे तो उन पर भी हमले जारी रहेंगे। ईरान को चंद दिनों में घुटनों पर ला देने का दम भरने वाले अमेरिका-इजराइल अब जंग खत्म होने तथा उसमें हो रही जन-धन हानि के सवालों से मुंह चुराने लगे हैं। अमेरिका अब कन्फ्यूज्ड ज्यादा नजर आ रहा है। कभी ट्रंप कहते हैं कि किसी देश की मदद नहीं चाहिए तो कभी गुहार लगाते हुए धमकाते हैं। अभी तक कह रहे थे कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज बंद होने से अमेरिका को फर्क नहीं पड़ता तो अब 48 घंटों में न खुलने पर भयावह परिणामों की धमकी दे रहे हैं। अपनी जवाबी कार्रवाई से चौंका रहे ईरान ने भी धमकी दे दी है कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया गया तो वह भी अमेरिका के मित्र खाड़ी देशों के ऊर्जा ही नहीं, पेयजल संयंत्रों को भी ठिकाना बनाएगा। ध्यान रहे कि इन देशों में उपलब्ध ज्यादातर जल खारा है, जिसे इन संयंत्रों में पीने योग्य बनाया जाता है। ईरान के नतांज परमाणु केंद्र को निशाना बनाया गया तो उसने भी इजराइल के डिमोना परमाणु केंद्र पर हमला करने में देर नहीं लगाई। विडंबना यह है कि जंग के इन जुनूनी बोलों के बीच शांति की समझदारी के सुर अभी तक कहीं से भी सुनाई नहीं पड़े हैं। याद रहे कि रूस और यूक्रेन युद्ध के सीमित दायरे के बावजूद युद्ध विराम की कोशिशें और दावे नजर आये थे। अनेक संघर्ष विराम का श्रेय लेते हुए अपने लिए शांति का नोबेल पुरस्कार मांगते रहे ट्रंप ने भी जल्द रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करवाने के दावे किए थे। उसी क्रम में उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को अमेरिका बुलाकर अपमानित किया तो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी कई बार बात की, लेकिन बात बनी नहीं और युद्ध चार साल बाद भी जारी है, जिसमें लगभग 18 लाख सैनिक और नागरिक मारे जा चुके हैं। इक्कीसवीं शताब्दी में विश्व व्यवस्था की विद्रूपता देखिए कि खुद को शांतिदूत बताने वाले ट्रंप ने ही इजराइल के साथ मिल कर ईरान पर हमले से खुद दुनिया को बड़ी जंग में धकेल दिया है। रूस और यूक्रेन की तरह



इजराइल-अमेरिका और ईरान के पास अपनी जंग को जायज ठहराने के तर्क हैं। इजराइल और ईरान अरसे से एक-दूसरे की आंखों में खटकते रहे हैं। अमेरिका भी ईरान के परमाणु कार्यक्रम का हौव्वा दिखा कर दुनिया को डराता रहा है। परमाणु कार्यक्रम तथा हमास, हूती और हिजबुल्लाह सरीखे आतंकी संगठनों को कथित ईरानी मदद के मुद्दे पर अमेरिका और ईरान में तीसरे देश में वार्ताएं भी चलीं। 26 फरवरी को जिनेवा में हुई वार्ता में ईरान परमाणु कार्यक्रम सीमित रखने पर राजी भी हो गया था, बशर्ते उसके विरुद्ध 1979 से लागू अंतराष्ट्रीय प्रतिबंध हटा लिए जाएं, जिनके चलते उसकी अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है।

आतंकी संगठनों को कथित मदद पर अगली वार्ता में बात आगे बढ़ पाती, उससे पहले ही इजराइल के साथ मिलकर अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला बोल दिया। अब जबकि ईरान ने मित्र देशों के अलावा सभी के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद कर दिया है, ट्रंप की मदद की गुहार उनके दोस्त देश भी नहीं सुन रहे। हाल के इतिहास में विश्व व्यवस्था में अमेरिका इतना अकेला कभी नहीं दिखा। बड़े सुरक्षा अधिकारी जो केंट द्वारा इस्तीफा देते हुए किए गए इस खुलासे ने भी ट्रंप को कठघरे में खड़ा कर दिया है कि अमेरिका को ईरान से कोई खतरा नहीं। खामेनेई शासन की कट्टर इस्लामी व्यवस्था के विरोध में ईरान में प्रदर्शन किसी से छिपे नहीं रहे। दमनचक्र के चलते हजारों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अमेरिका और इजराइल को लगा कि खामेनेई के खात्मे के साथ ही असंतोष और मुखर हो जाएगा, जिसका फायदा उठाते हुए ईरान में कठपुतली सरकार बनवाकर अकूत तेल और गैस संसाधनों पर कब्जा कर लिया जाएगा। खामेनेई के खात्मे के बाद ईरानियों से सड़कों पर निकल कर सत्ता पर कब्जा कर लेने का आह्वान भी किया गया, लेकिन विदेशी आक्रमण के चलते वह आंतरिक असंतोष भी बीते वक्त की बात लगता है। दशकों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध झेलने के बावजूद आधुनिकतम हथियारों से लैस अमेरिका और इजरायल को ईरान जंग में जैसा जवाब दे रहा है, लगता नहीं कि युद्ध जल्द समाप्त होगा। अमेरिकी सैन्य अड्डे वाले खाड़ी देशों को निशाना बनाने के साथ ही अमेरिका और इजराइल पर भी ईरान सीधे हमले कर चौंका रहा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट कितना गहरा सकता है, इसका संकेत इसी से मिल जाता है कि हाल तक भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बनाने वाला अमेरिका ही अब उस समेत तमाम देशों को रूस से कच्चा तेल खरीदने को कह रहा है। ईरान से तेल खरीद पर लगा प्रतिबंध भी कुछ समय के लिए हटा लिया गया है। तीन सप्ताह की जंग में ही कच्चे तेल और गैस की कीमतों में आया उछाल बेहद मुश्किल वक्त की आहट ही है, लेकिन जंग के जुनून के बीच शायद कोई उसे सुनना नहीं चाहता।

लंबी जंग से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाली मार आर्थिक मंदी का कारण भी बन सकती है। वैसे यह आपदा रूस और अमेरिका की तेल कंपनियों के लिए जबर्दस्त कमाई का अवसर बन गई है। पिछले महीने कच्चा तेल 52 डॉलर प्रति बैरल बेचने वाला रूस अब 100 डॉलर प्रति बैरल बेच रहा है। अंजाम तो समय बताएगा, लेकिन असर बता रहा है कि दुनिया का चौधरी बनने की सनक में ट्रंप ने दुनिया को ऐसी जंग में झोंक दिया है, जिससे निकलना तो मुश्किल होगा ही, उसके असर से बच पाना नामुमकिन होगा।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन
कमलाकर सिंह



# चयन प्रक्रिया व उपेक्षित उत्कृष्ट कृतियों पर पुनर्विचार आवश्यक


साहित्य अकादमी पुरस्कार को लेकर उठती बहस केवल एक लेखक या कृति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हिंदी साहित्य में सम्मान की कसौटियों, चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और समय पर मूल्यांकन जैसे व्यापक प्रश्नों को सामने लाती है।

इन दिनों ममता कालिया को उनके संस्मरणात्मक लेखन 'जीते जी इलाहाबाद' पर मिले साहित्य अकादमी पुरस्कार की चर्चा व्यापक रूप से हो रही है। अखबारों, सोशल मीडिया पर इसको लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी-"आखिर मिल ही गया ममता कालिया को साहित्य अकादमी पुरस्कार"- ने इस बहस को और तीखा बना दिया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि किसी लेखक को पुरस्कार मिलने पर इस तरह की प्रतिक्रिया क्यों उत्पन्न होती है। यह भी कहा जा रहा है कि उन्हें यह पुरस्कार बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। कुछ लोगों ने तो उनकी समग्र रचनात्मकता को ही औसत बताया। इन बातों पर मैं कोई टिप्पणी नहीं करता, परंतु बड़ा प्रश्न यह है कि इस पुरस्कार का आधार लेखक होता है या कृति? हिंदी साहित्य में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहां महत्वपूर्ण रचनाकारों को समय रहते सम्मान नहीं मिला। रमेश चंद्र शाह और रमेश कुंतल मेघ के संदर्भ में यह बात कही जाती रही है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जैसे महान रचनाकार को उनके जीवनकाल में यह सम्मान नहीं मिला और धर्मवीर भारती जैसे महत्वपूर्ण साहित्यकार भी इससे वंचित रह गए। यह स्थिति पुरस्कार-प्रक्रिया के मानदंडों पर पुनर्विचार की मांग करती है। हिंदी जैसी विशाल भाषा, जिसके करोड़ो पाठक हैं, उसमें यदि पुरस्कारों की संख्या और संरचना सीमित रहेगी तो अनेक योग्य रचनाकार अनदेखे रह जाएंगे। ऐसे में विभिन्न विधाओं के लिए पृथक पुरस्कारों की व्यवस्था एक सार्थक विकल्प हो सकता है।

यह भी देखा गया है कि कई महत्वपूर्ण कृतियां समय पर सम्मान से वंचित रह जाती हैं, जबकि कभी-कभी कम प्रभावी रचनाएं भी पुरस्कृत हो जाती हैं। इसलिए आवश्यक है कि साहित्य अकादमी अपनी चयन-प्रक्रिया और ज्यूरी संरचना को अधिक लोकतांत्रिक और समावेशी बनाए, ताकि हाशिए पर छूटते हुए लेखकों को भी समान अवसर मिल सके। यह पुरस्कार केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और बौद्धिक प्रवाह को सामने लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसी संदर्भ में आनंद कुमार सिंह की काव्यकृति 'अथर्वा मैं वही वन हूं' विशेष ध्यान आकर्षित करती है जो साहित्य अकादमी की विचारणीय सूची में शीर्ष पर थी। वर्ष 2021 में प्रकाशित यह कृति अल्प समय में ही हिंदी-जगत में व्यापक विमर्श का केंद्र बन गयी। अशोक वाजपेयी ने 28 नवंबर 2021 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में कृति के लोकार्पण समारोह में कहा था- " कविता में भाषा का एक काम यह है कि वो वहां ले जाए जहां, पहले कविता कभी न गई हो, न भाषा कभी गई हो। मेरे हिसाब से इस पुस्तक की एक प्रशस्ति ये हो सकती है कि इसने भाषा और कविता दोनों को वहां ले जाने की कोशिश की है जहां कम से कम पिछले पचास वर्षों में हिंदी कविता नहीं गई है।" अनेक विश्वविद्यालयों में इस पर शोध हो रहे हैं तथा आलोचनात्मक ग्रंथ प्रकाशित हुए हैं। किसी काव्यकृति के प्रकाशन के कुछ वर्षों के भीतर इस प्रकार की बौद्धिक सक्रियता कम ही देखने को मिलती है। यह कृति समकालीन हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप है। ऐसे समय में जब गंभीर साहित्य के लिए पाठकीय आधार सिकुड़ता प्रतीत होता है, यह कृति एक नई संभावना का संकेत देती है। आनंद कुमार सिंह की यह कृति उनकी छब्बीस वर्षों की साधना का परिणाम है, जो अपने समय की आलोचना करते हुए भारतीय ज्ञान-परंपरा का काव्यात्मक पुनर्पाठ प्रस्तुत करती है। उनकी अन्य कृतियां- 'सौंदर्य जल में नर्मदा' और 'विवेकानंद'-भी इस सृजनात्मक ऊंचाई की पुष्टि करती हैं। 'अथर्वा मैं वही वन हूं मुक्त छंद में महाकाव्य की रचना को संभव बनाती है और हिंदी के लिए एक गौरवग्रंथ के रूप में उपस्थित है। साहित्य किसी भी सभ्यता की आत्मा होता है। आज जब समाज तीव्र गति से तकनीक-निर्भर होता जा रहा है, साहित्य की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। वर्ष 2025 का साहित्य अकादमी पुरस्कार ममता कालिया को मिला, यह स्वागत योग्य है; किन्तु अब कृति पर गंभीरता से विचार होना चाहिए, जो अपने समय को अभिव्यक्त करने के साथ-साथ साहित्य को नई दिशा देने की क्षमता रखती है।

(लेखक भोज मुक्त विवि भोपाल के पूर्व कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन-ऊर्जा का प्रवाह भीतर की ओर हो



संकलित
**दर्शन**

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ईरान की नीति और ऊर्जा संकट

दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार की एक महत्वपूर्ण धुरी हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य है। यह एक अत्यंत संकीर्ण जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को खुले समुद्र से जोड़ता है। इसी मार्ग से दुनिया के लगभग एक-चौथाई तेल और गैस का परिवहन होता है। ऐसे में ईरान द्वारा इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाज़ों पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, अंतरराष्ट्रीय कानून और ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब पूरी दुनिया पहले से ही ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे देश इस मार्ग पर अत्यधिक निर्भर हैं। बहरहाल, यह लड़ाई अब बातचीत के जरिए खत्म होनी चाहिए। – *नमिश कुमार, रोहतक*

## ट्रेंड

### लोहिया को श्रद्धांजलि



डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। वे एक बहुमुखी व्यक्तित्व थे जिन्होंने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध जन आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत की प्रगति में योगदान दिया। लैंगिक समानता और सहभागी शासन पर उनके विचार भी उतने ही उल्लेखनीय हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कच्चे तेल का भंडारण



बीते दशक में भारत ने संकट के ऐसे ही समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्व है और 65 से अधिक की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### प्रेरणा स्रोत



महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीद दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। देश के लिए बेखौफ लड़ते हुए उनका संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्रोत है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता



नया उत्तर प्रदेश कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति को अपना रहा है। पुच एआई के साथ 25,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन से राज्य में एआई पार्क, बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर अवसंरचना, एआई कॉमन्स और एक एआई विश्वविद्यालय स्थापित होंगे।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर

### व्हाइट हाउस के समीप स्थापित की गई कोलंबस की प्रतिमा



इतालवी खोजकर्ता क्रिस्टोफर कोलंबस की एक प्रतिमा को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस के पास स्थित आइजनहावर सरकारी कार्यालय परिसर में स्थापित किया गया है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा इस कथित विवादित खोजकर्ता को सम्मान देने के प्रयास का हिस्सा है। यह उस प्रतिमा की प्रतिकृति है, जिसे 2020 में ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान देशभर में संस्थागत नस्लवाद के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच बाल्टीमोर के बंदरगाह में फेंक दिया गया था। ट्रंप पारंपरिक रूप से कोलंबस को 1492 के उस अभियान के नेता के रूप में देखते हैं, जिसे अमेरिका में यूरोपीय उपनिवेशवाद की अनौपचारिक शुरुआत और आधुनिक आर्थिक-राजनीतिक व्यवस्था के विकास का आधार माना जाता है। हालांकि, हाल के वर्षों में कोलंबस को पश्चिमी यूरोप द्वारा 'न्यू वर्ल्ड' उसके संसाधनों और मूल निवासियों के दमन और शोषण के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। 'न्यू वर्ल्ड' से तात्पर्य अमेरिका (उत्तरी, दक्षिणी और मध्य अमेरिका) और आसपास के द्वीपों से है व्हाइट हाउस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'इस व्हाइट हाउस में क्रिस्टोफर कोलंबस एक नायक हैं और राष्ट्रपति ट्रंप यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाली पीढ़ियों तक उन्हें इसी रूप में सम्मानित किया जाए।'

## ऑफ बीट

### खटमल एक वैश्विक समस्या इसके बारे में जानकारी कम



खटमल छोटे, उड़ने से लाचार कीड़े होते हैं जो मानव रक्त पर जीते हैं। कई प्रजातियां हैं, लेकिन सबसे अधिक लोगों को जिस प्रजाति का पता है वह साइमेक्स लेक्टुलरियस है। रोमनों ने उन्हें साइमेक्स कहा, जिसका अर्थ है बग। 1758 में बहुत बाद में प्राकृतिक इतिहासकार कार्ल लिनिअस ने इनके नाम के साथ 'लेक्ट्युलरियस' को जोड़ा, जिसका अर्थ है बिस्तर या सोफा। हमारा रक्त उनके पोषण का मुख्य स्रोत है, लेकिन वह जीने के लिए अन्य जानवरों का खून भी पीते हैं, जैसे पक्षियों, पालतू जानवरों और चमगादड़ों आदि का। खटमल में एक जटिल आंत माइक्रोबायोटा होता है, जो उन्हें हमारे रक्त से आवश्यक सभी पोषक तत्वों को निकालने में मदद करता है। किशोरों को एक जीवन चरण से दूसरे में विकसित होने के लिए रक्त भोजन की आवश्यकता होती है - इसलिए, वयस्क बनने के लिए, प्रत्येक खटमल को कम से कम पांच रक्त भोजन की आवश्यकता होगी। वयस्क खटमल, हालांकि, भोजन के बिना पूरे वर्ष जीवित रह सकते हैं। वे उड़ नहीं सकते। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, चलने से वह बहुत दूर नहीं जा सकते, लेकिन यह घर में हर तरफ फैल जाते हैं। और खटमल ज्यादा दूर तक जाने के लिए इनसानों का इस्तेमाल करते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## फाइनल में आर्सेनल को दी शिकस्त

# मैनचेस्टर सिटी बना ईएफएल कप चैंपियन

### निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दागे दो गोल

एजेंसी ▶▶| लंदन

*मैनचेस्टर सिटी ने ईएफएल कप फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराते हुए खिताब को अपने नाम किया। मैनचेस्टर की तरफ से फाइनल में निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। मैनचेस्टर सिटी ने यह 9वीं लीग ट्रॉफी जीती है। सिटी से ज्यादा खिताब अब सिर्फ लिवरपूल के नाम है। हाफ टाइम के बाद सिटी ने आर्सेनल के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। आर्सेनल की टीम खिताबी मुकाबले में संघर्ष करती हुई नजर आई, जिसका पूरा फायदा सिटी ने उठाया।*




#### कप्तान बर्नार्डो ने कहा यह बहुत गर्व का पल

*पूरे सीजन मैनचेस्टर सिटी की शानदार कप्तानी करने वाले कप्तान बर्नार्डो सिल्वा ने टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने टीम की इस सफलता को सभी के लिए खास पल बताया। उन्होंने कहा, यह सिटी में सभी के लिए बहुत गर्व का पल है। हमें यह प्रतियोगिता पसंद है और इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाले आर्सेनल को हराकर इसे जीतना वाकई खास है।*

#### मैनचेस्टर सिटी लेगी इंटरनेशनल ब्रेक

मैनचेस्टर सिटी अब एक इंटरनेशनल ब्रेक पर होगी। टीम अब अपना अगला मुकाबला 4 अप्रैल को एफए कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लिवरपूल के खिलाफ खेलेगी। गार्डियोला की टीम अगले हफ्ते चेल्सी में होने वाले प्रीमियर लीग पर ध्यान देगी। मैनचेस्टर सिटी प्रीमियर लीग टाइटल की दौड़ में बनी हुई है। गार्डियोला की टीम अभी टॉप पर काबिज आर्सेनल से 9 प्वाइंट पीछे है और उन्हें अभी एक मुकाबला खेलना है।

#### पेप गार्डियोला बने सबसे सफल मैनेजर

पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी मैनेजर के तौर पर यह मशहूर ट्रॉफी पांच बार जीती है, जो इंग्लिश फुटबॉल में एक रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा सफलता पाने वाले मैनेजर के तौर पर ब्रायन क्लॉ, सर एलेक्स फर्ग्यूसन और जोस मोरिन्हो (जिन्होंने सभी ने चार-चार जीते) से आगे निकल गए हैं। काराबाओ कप सिटी बॉस के तौर पर पेप की पहली ट्रॉफी थी, जिसमें उन्होंने 2018 में आर्सेनल को 3-0 से हराया था। उन्होंने अब उस विरासत में एक और नाम जोड़ लिया है और 1960 में प्रतियोगिता की शुरुआत के बाद से सबसे सफल मैनेजर बन गए हैं।

## एमएलएस : इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को 3-2 से हराया



**न्यूयॉर्क।** इंटर मियामी सीएफ ने अपनी जीत की लय को बरकरार रखा है। टीम ने रोमांचक मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 3-2 से हराया। एमएलएस रेगुलर सीजन में यह इंटर मियामी की लगातार चौथी जीत है। इंटर मियामी के डिफेंडर गोंजालो लुजा, माइकल और कप्तान लियोनेल मेसी के किए गोल ने इंटर मियामी की जीत में अहम योगदान दिया। इंटर मियामी ने मैच के चौथे मिनट में ही बढ़त बनाई। टीम की तरफ से पहला गोल गोंजालो लुजान ने किया। टेलास्को जोस सेगोविया के किए प्रयास के विफल रहने के बाद लुजान ने रिबाउंड का फायदा उठाते हुए इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, न्यूयॉर्क सिटी एफसी ने जोरदार वापसी की और मैच के 17वें मिनट में निकोलस फर्नांडीज के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मेसी ने गोल करने के दो मौके बनाए, लेकिन उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। पहले हाफ के बाद स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। हालांकि, मेजबान टीम ने मैच के 59वें मिनट में अगस्टिन ओजेडा के गोल से बढ़त बना ली।

#### मेसी ने दागा गोल, स्कोर किया 2-2 से बराबर

इसके तुरंत बाद मेसी ने 61वें मिनट में इंटर मियामी के लिए गोल दागते हुए स्कोर को फिर से 2-2 से बराबर कर दिया। मेसी ने फ्री किक पर इस रेगुलर सीजन का अपना चौथा गोल किया। इंटर मियामी ने 74वें मिनट में अपनी बढ़त वापस पा ली, जब बॉक्स के दाएं छोर से माइकल ने एक जोरदार हेडर से एलन के पिच के बाईं तरफ से मिले सटीक क्रॉस का फायदा उठाया। यह गोल माइकल का इंटर मियामी के खिलाड़ी के तौर पर पहला गोल रहा, जबकि इस लीग कैंपेन में एलन का यह दूसरा असिस्ट था।



## अरुंधती ने रचा नया कीर्तिमान

### बनीं आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय महिला क्रिकेटर अरुंधति रेड्डी को फरवरी 2026 के लिए आईसीसी 'विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। भारतीय सीमर के करियर में ऐसा पहली बार है, जब उन्हें इस पुरस्कार से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें ऑस्ट्रेलिया में भारत की यादगार जीत में निभाई गई उनकी शानदार भूमिका के लिए मिला है। अरुंधति रेड्डी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली गेंदबाज रहीं, जिन्होंने 10.87 की औसत और 7.25 की इकॉनमी रेट से कुल 8 विकेट हासिल किए। भारत की इस बड़ी जीत में उनका योगदान बहुत अहम रहा। अरुंधति के इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। यह साल 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में भारत की पहली टी20 सीरीज जीत थी।

- टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली गेंदबाज

दाएं हाथ की सीमर ने सिडनी में खेले गए अपने पहले ही मैच से सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मैच में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। 28 वर्षीय गेंदबाज ने शेष दो मुकाबलों में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। कैनबरा में खेले गए मैच में उन्होंने 30 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि एडिलेड में खेले गए सीरीज के निर्णायक मुकाबले में उन्होंने 35 रन देकर 2 विकेट निकाले।

#### मेंस कैटेगरी में फरहान को मिला अवॉर्ड

वहीं मेंस कैटेगरी में ये अवॉर्ड साहिबजादा फरहान ने जीता है। फरहान टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। यही कारण है कि उन्होंने इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शाल्विक को पीछे छोड़कर इस अवॉर्ड को अपने नाम किया। फरहान ने भले ही इस वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन किया हो लेकिन उनकी टीम इस वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई थी।

#### ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराना आसान नहीं : अरुंधती

*अवॉर्ड जीतने के बाद रेड्डी ने कहा कि आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सचमुच एक बहुत बड़ा सम्मान है, और यह बात और भी खास है कि मैं ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज जीतने में अपनी टीम के लिए कुछ योगदान दे पाई। ऑस्ट्रेलिया को उसके अपने घर में हराना कभी भी आसान नहीं होता, और इसी वजह से यह अवॉर्ड मेरे लिए और भी ज़्यादा मायने रखता है। इस सीरीज में मिली जीत से हमारी टीम का आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है। हम आगामी वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप में भी इसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे।*

---

### खबर संक्षेप



#### अप्रैल में नहीं होगी एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप

**कराची।** इस्लामाबाद में अगले महीने होने वाली एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप खाड़ी में जारी संघर्ष के कारण स्थगित कर दी गई है। यह चैंपियनशिप 14 से 18 अप्रैल के बीच होनी थी। अधिकारी ने बताया,' एशियाई स्क्वाश महासंघ ने हमें बताया कि संघर्ष के कारण क्षेत्र के मौजूदा हालात को देखते हुए इस समय यह टूर्नामेंट करा पाना संभव नहीं है।'

#### विश्व क्रिकेट का मुख्य बाजार भारत : संजोग

**नई दिल्ली।** हाल ही में टी20 विश्व कप में एसोसिएट देशों के निडर प्रदर्शन की तारीफ करते हुए आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने उनके विकास को क्रिकेट के परिपक्व वैश्विक खेल बनने का संकेत बताया और कहा कि भारत मुख्य बाजार है लेकिन क्रिकेट निश्चित तौर पर वैश्विक होता जा रहा है। भारत ने 20 टीमों की भागीदारी वाला टी20 विश्व कप जीता लेकिन पहली बार टूर्नामेंट खेल रही इटली, अमेरिका, नेपाल और जिम्बाब्वे जैसी टीमों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। गुप्ता ने कहा कि भारत विश्व क्रिकेट का मुख्य बाजार है।

## मियामी ओपन में बड़ा उलटफेर, कोरडा से हारकर नंबर-1 खिलाड़ी अल्कारेज बाहर

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज मियामी ओपन के तीसरे दौर में सेबेस्टियन कोरडा से हारकर बाहर हो गए हैं।

इससे पहले इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में अल्कारेज को दानिल मेदवेदेव ने हराया था। उन्हें कोरडा ने 2 घंटे 19 मिनट तक चले मैच में 6-3, 5-7, 6-4 से हराया।

अब कोरडा का सामना मार्टिन एल से होगा, जिन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और टॉमी पॉल भी चौथे दौर में पहुंच गए हैं। छठी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने रीली ओपेलका को 6-3, 6-4 से हराया जबकि 22वीं रैंकिंग वाले पॉल ने रफाएल कोलिंगनोन को 6-2, 3-6, 7-6 से मात दी।



#### सबालेंका ने मैकनाली को 6-4, 6-2 से हराया

महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने कैथरीन मैकनाली को 6-4, 6-2 से हराया। दुनिया की तीसरी नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना ने मार्ता कोस्तयुक को 6-3, 6-4 से हराया। वहीं पांचवीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला ने लैला फर्नांडिस को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी।

## हॉकी इंडिया अवॉर्ड की रेस तेज, चार नाम सबसे आगे

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह, फॉरवर्ड सुखजीत सिंह और अभिषेक और डिफेंडर संजय इस साल हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैं। महिला वर्ग में सलीमा टेटे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी और सविता पूनिया को नामांकन मिला है। शुक्रवार को होने वाले हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह में उदीयमान खिलाड़ी (अंडर 21) का जुगराज सिंह और असुंथा लाकड़ा पुरस्कार भी दिया जाएगा। अंतिम नामांकन में आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को चुना गया है।

#### एशिया कप जीतने वाली टीम होगी सम्मानित

इसके साथ ही हॉकी में अमूल्य योगदान के लिए जमन लाल शर्मा पुरस्कार और असाधारण उपलब्धि के लिए अध्यक्ष का पुरस्कार भी दिया जाएगा। अधिकारियों की श्रेणी में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर /अंपायर मैनेजर का पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी और सर्वश्रेष्ठ सदस्य ईकाई का पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके साथ ही एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम और जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली जूनियर पुरुष टीम को भी सम्मानित किया जाएगा।

## एशिया कप में युवा जोश के साथ कदम रखेगी तीरंदाजी टीम



एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत तीरंदाजी के नए अंतरराष्ट्रीय सत्र का आगाज मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले चरण से करेगा, जिसके लिए टीम में नामी गिरामी सितारों की बजाय प्रतिभावान युवाओं को जगह दी गई है। भारतीय टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय , ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा नहीं हैं। भारतीय टीम प्रबंधन जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों तक चलने वाले इस व्यस्त सत्र के पहले टूर्नामेंट में अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है। शीर्ष तीरंदाज मैक्सिको और शंघाई में अप्रैल से होने वाले विश्व कप के पहले दो चरण के लिए वापसी करेंगे। पिछले साल भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे।

#### नहीं भाग ले रहा द.कोरिया भारत का पलड़ा भारी

दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज की गैर मौजूदगी में भारत का पलड़ा फिर भारी लग रहा है । उसे चीन और बांग्लादेश से चुनौती मिल सकती है। रिकर्व पुरुष वर्ग में आस्ट्रेलिया के रियान टियाक प्रबल दावेदार हैं,जो विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर हैं। महिला वर्ग में रूस में जन्मी तटस्थ खिलाड़ी नूरिनिस्सो माखमुदोवा (45वीं रैंकिंग) सर्वोच्च रैंकिंग वाली तीरंदाज हैं। भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम में दुनिया के चौथे नंबर के तीरंदाज ऋषभ यादव, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रथमेश जावकर और रजत चौहान हैं। पिछले साल कुशल दलाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता था जबकि मानव जाधव और गणेश तिरिमुरु के साथ टीम स्वर्ण अपने नाम किया था। महिला वर्ग में ज्योति की गैर मौजूदगी में नजरें 20 वर्ष की चिकिथा तानीपर्थी पर होंगी, जो विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर हैं।

## दिल्ली कैपिटल्स को स्टार्क के एनओसी मिलने का इंतजार

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि उनका प्रमुख तेज गेंदबाज एक अप्रैल को टूर्नामेंट में शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ जाएगा। ने पिछले सत्र में 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। बदानी ने कहा, ' हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही हमें वह मिल जाएगा, हमें पता चल जाएगा कि वह कब टीम में शामिल होंगे।'

## कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में बदलाव, हम्पी की जगह मुजिचुक की एंट्री

- भारतीय ग्रैंडमास्टर ने सुरक्षा कारणों से ले लिया नाम वापिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को साइप्रस में होने वाले आगामी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में कोनेरु हम्पी की जगह शामिल किया गया है चूंकि भारतीय ग्रैंडमास्टर ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते सुरक्षा कारणों से नाम वापिस ले लिया था। शनिवार से पाफोस में शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट से विश्व चैंपियनशिप खिताब के चैलेंजर का निर्धारण होगा। इस समय ओपन वर्ग में गुकेश और महिला वर्ग में जू वेंजुन विश्व चैंपियन हैं। दो बार महिला विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी ने आयोजकों से आश्वासन मिलने के बावजूद निजी सुरक्षा को लेकर चिंता का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। इस महीने की शुरुआत में साइप्रस में एक ब्रिटिश एयर बेस पर ड्रोन हमला हुआ था, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।



#### दो बार रह चुकी महिला विश्व ब्लिट्ज चैंपियन

*फिडे ने कहा,' टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार हम्पी की जगह महिला इवेंट्स सीरिज 2024-25 में अगला सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाली खिलाड़ी को दी गई है, जिसने अभी तक क्वालीफाई नहीं किया है। यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक यह टूर्नामेंट खेलेंगी।' वह महिला विश्व रैपिड चैंपियन (2016) और दो बार महिला विश्व ब्लिट्ज चैंपियन (2014 और 2016) रह चुकी हैं।*

***हम्पी पर लग सकता है जुर्माना:*** *हम्पी पर इस फैसले के लिये 10000 यूरो जुर्माना लग सकता है हालांकि फिडे ने अभी इस पर फैसला नहीं लिया है। हम्पी के नाम वापिस लेने से भारत की उम्मीदों को झटका लगा है। उनके अलावा आर प्रज्ञानानंदा (ओपन वर्ग), आर वैशाली ( महिला वर्ग) और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने इसके लिए क्वालीफाई किया है।*

---

# दिव्या, तनीषा, सिमरन और कोमल ने अगले दौर में प्रवेश किया

## 5वीं जूनियर बालक एवं बालिका हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

5वीं जूनियर बालक एवं बालिका हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप सोमवार से शुरू हुई। चार दिनों तक चलने वाली इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पहले ही दिन रिंग में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली, जहां युवा मुक्केबाजों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। यह प्रतियोगिता आर्यन्स बॉक्सिंग स्पोर्ट्स क्लब सुनारिया में आयोजित की जा रही है। 46-48 किलोग्राम भार वर्ग में चरखी दादरी की दिव्या मलिक ने जींद की रिद्धि को, पानीपत की तनीषा ने यमुनानगर की छाया को और रोहतक की सिमरन ने कुरुक्षेत्र की श्रुति को हराया। वहीं, साई भिवानी की दिव्या ने गुरुग्राम की अवनीत सहारण को, रेवाड़ी की कोमल ने हिसार की हर्षिका को और भिवानी की सोनिका ने महेंद्रगढ़ की मुस्कान को शिकस्त दी। बतौर मुख्य अतिथि ओलंपियन व अजुर्न अवार्डी डीएसपी दिनेश, भीम अवार्डी सुनील सिवाच, इनेलो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनेश लाकड़ा और बीजेपी ग्रीवेंश कमेटी सदस्य अनिता बुधवार ने शिरकत की। डीएसपी दिनेश ने कहा कि हरियाणा के युवाओं के खून में खेल और जज्बा है। इस तरह की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं न केवल नए टैलेंट को मंच देती हैं, बल्कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार भी करती हैं। खेल हमें अनुशासन और हार को जीत में बदलने की कला सिखाते हैं। सुनील सिवाच ने कहा कि जूनियर स्तर की यह प्रतियोगिता मुक्केबाजी की बुनियाद है। रिंग में उतरने वाला हर बच्चा आज एक सपना लेकर आया है। मेरा सुझाव है कि खिलाड़ी केवल जीत के लिए नहीं, बल्कि अपनी तकनीक और सुधार के लिए खेलें। विनेश लाकड़ा ने कहा कि खेल राजनीति और जाति-पाति से ऊपर उठकर युवाओं को एकजुट करने का सबसे सशक्त माध्यम है। हरियाणा की मुक्केबाजी का भविष्य इन छोटे बच्चों के मजबूत कंधों पर सुरक्षित है। अनिता बुधवार ने कहा कि बेटियों को रिंग में मुक्केबाजी करते देखना गर्व की अनुभूति कराता है। आज हरियाणा की बेटियां हर क्षेत्र में 'धाकड़' साबित हो रही हैं। खेल न केवल शारीरिक मजबूती देते हैं, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं।





#### खेल प्रतियोगिताएं मात्र पदक जीतने का जरिया नहीं : मेजर सत्यपाल सिंधु



*हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि हरियाणा के मुक्केबाज न केवल राष्ट्रीय पटल पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय रिंग में भी अपनी धाक जमा रहे हैं। मेजर सिंधु के अनुसार, मुक्केबाजों की यह निरंतर सफलता प्रदेश के गौरव को बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी खेल प्रतियोगिताएं मात्र पदक जीतने का जरिया नहीं हैं, बल्कि ये खिलाड़ियों के भीतर अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास जैसे गुणों को विकसित करती हैं। संघ का लक्ष्य हरियाणा के खिलाड़ियों को केवल घरेलू स्तर तक सीमित रखना नहीं है।*

### जूनियर गर्ल्सः मेवात की कनिका ने महेंद्रगढ़ की असनीत को हराया

**▶▶ 44-46 किलोग्राम भार वर्ग:** मेवात की कनिका ने महेंद्रगढ़ की असनीत को हराया, पंचकुला की अंजलि ने जींद की परी को मात दी और रोहतक की नियति खोखर ने पानीपत की खुशी पर जीत दर्ज की। इसी भार वर्ग में हिसार की निश्चल ने पलवल की भावना को, भिवानी की राजू ने चरखी दादरी की मानसी को, सोनीपत की नैन्सी ने फरीदाबाद की राधिक को और कैथल की अनु ने रेवाड़ी की पलक को पराजित किया। इसके अलावा, साई हिसार की सृष्टि ने गुरुग्राम की रितिका को और कुरुक्षेत्र की रितिका ने अम्बाला की दिव्या को हराया।

**▶▶ 48-50 किलोग्राम भार वर्ग:** साई भिवानी की प्राची ने महेंद्रगढ़ की अनुराधा को, झज्जर की रिया ने सिरसा की मनमीत कौर को, रेवाड़ी की साक्षी ने भिवानी की सान्वी को, कुरुक्षेत्र की ध्रुविका ने फतेहाबाद की हरप्रीत कौर को, सोनीपत की अंशु ने मेवात की शबनम को, कैथल की मानसी ने पंचकुला की कीर्ति सिहाग को और रोहतक की दीया ने जींद की खुशी को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### जूनियर बॉयजः कैथल के रणदीप ने अम्बाला के युधवीर को दी मात

**▶▶ 44-46 किलोग्राम भार वर्ग:** कैथल के रणदीप ने अम्बाला के युधवीर को, हिसार के लक्ष्य ने पानीपत के प्रतीक को और पंचकुला के हेरान ने कुरुक्षेत्र के ध्रुव को हराया। पलवल के देवेश ने रेवाड़ी के दक्ष को, भिवानी के प्रणव ने साई हिसार के चिराग को, सिरसा के राज ने फरीदाबाद के मोहित को, गुरुग्राम के मेघ ने महेंद्रगढ़ के दीक्षित को, झज्जर के रोनक ने रोहतक के अंश को और सोनीपत के आयुष ने यमुनानगर के वंश को धूल चटाई।

**▶▶ 46-48 किलोग्राम भार वर्ग:** साई हिसार के दीपांशु ने चरखी दादरी के मनजीत को, भिवानी के खुशाल कुमार ने रोहतक ए के कार्तिक को और पानीपत के साहिल ने पंचकुला के तरनदीप सिंह को मात दी। सोनीपत के यश ने फरीदाबाद के अनंत डागर को, गुरुग्राम के दीपांशु ने झज्जर के गौरव को, महेंद्रगढ़ के रुबल ने मेवात के जतिन को, सिरसा के गुरप्रीत सिंह ने फतेहाबाद के सचिन को, कैथल के अजय ने करनाल के समीर को और पलवल के निशांत ने अम्बाला के मोहित को हराया।

**▶▶ 48-50 किलोग्राम भार वर्ग:** सोनीपत के अदितय ने चरखी दादरी के सोनक सांगवान को, कुरुक्षेत्र के लाखविंदर ने हिसार के नैतिक को, मेवात के अंशु ने कैथल के वंश तंवर को, फरीदाबाद के ऋषि ने गुरुग्राम के अमित को, रोहतक के अनीक हुड्डा ने महेंद्रगढ़ के रुदर प्रताप को और फतेहाबाद के गुरप्रीत ने पंचकुला के सूर्या को पराजित कर जीत हासिल की।




## ईरान के द्वीपों पर अमेरिकी सैनिकों के कब्जे की बढ़ी आशंका

ईरान अमेरिका से चल रहा दो कदम आगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को ऊर्जा आपूर्ति के लिए फिर से खोलने की कोशिश कर रहा है, जो फारस की खाड़ी का संकरा प्रवेश द्वार है। इस मिशन को समर्थन देने के लिए अमेरिकी मरीन नौसैनिक ईरान के द्वीपों या उसके तटीय क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए उतर सकते हैं। ईरान की रक्षा परिषद ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर जमीनी आक्रमण हुआ, तो वह पूरे फारस की खाड़ी में समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछा सकता है। रक्षा परिषद का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब तेहरान में इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि अमेरिकी मरीन नौसैनिक क्षेत्र में तैनात किए जा सकते हैं। रक्षा परिषद ने कहा, दुश्मन द्वारा ईरान के तटों या द्वीपों को निशाना बनाने का कोई भी प्रयास स्वाभाविक रूप से और स्थापित सैन्य प्रथाओं के अनुसार फारस की खाड़ी और तटीय इलाकों में पहुंच के सभी मार्गों को बारूदी सुरंगों से भर देने का कारण बनेगा। ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उसके बिजली संयंत्रों पर बमबारी करने की अपनी धमकी पर अमल करते हैं, तो वह पूरे मध्य पूर्व में बिजली संयंत्रों पर हमला करेगा। तेहरान की इस धमकी से खाड़ी अरब देशों में बिजली और पानी दोनों की आपूर्ति खतरे में पड़ गई है, खासकर तब जब इन रेगिस्तानी देशों में बिजली संयंत्रों के साथ-साथ खारे पानी को मीठा करने वाले संयंत्र भी हैं, जो पीने के पानी की आपूर्ति के लिए बेहद जरूरी हैं।



एआई इमेज

# ईरान की अमेरिका को दो टूक, कहा- जमीनी हमला किया तो फारस की खाड़ी में बिछा देंगे बारूदी सुरंगें

## दो जहाजों ने होर्मुज किया पार, भारतीय टैंकरों का आना शुरू



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत के लिए राहत की खबर सामने आ रही है। शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, दो भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया है। सोमवार दोपहर ये दोनों जहाज ईरान के लारक और केश्म द्वीपों के बीच देखे गए, जहां वे संभवतः ईरानी अधिकारियों को अपनी पहचान स्पष्ट कर रहे थे। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय जहाजों में शामिल थे, जो पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण लगभग बंद हो चुके होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए थे। यह जलमार्ग ईरान और ओमान के बीच स्थित है और खाड़ी देशों से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस आपूर्ति का प्रमुख रास्ता है।

### जहाज 92,712 टन एलपीजी लेकर आए

इससे पहले भी भारत के कुछ जहाज सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं। एलपीजी टैंकर एमटी शिवालिक 16 मार्च को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा, जबकि एमटी नंदा देवी 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पहुंची। दोनों जहाज करीब 92,712 टन एलपीजी लेकर आए थे, जो देश की लगभग एक दिन की घरेलू गैस खपत के बराबर है। इसी क्रम में जग लाडकी नामक भारतीय तेल टैंकर, जो यूएई से 80,886 टन कच्चा तेल लेकर आ रहा था, 18 मार्च को मुंद्रा पहुंच गया।

**यूरोप में हलचल तेज, बैठक में ही लगने लगे आरोप**


## रूस के नाम पर नाटो में कलह, हंगरी पर जासूसी का आरोप



एआई इमेज

यूरोपियन यूनियन के देशों में रूस के चलते मतभेद पैदा हो गए हैं। यूरोपियन यूनियन को आशंका है कि हंगरी की ओर से संवेदनशील जानकारियां रूस को लीक की जा रही हैं। इसके चलते हंगरी से यूरोपीय संघ के दूसरे देश दूरी बरत रहे हैं। यह पूरा मामला तब शुरू हुआ, जब पोलैंड के प्राइम मिनिस्टर डोनाल्ड टस्क ने आशंका जताई कि हंगरी की विक्टर ओरबान की सरकार की ओर से जरूरी जानकारियां रूस के साथ शेयर की जा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यूरोपीय संघ ने ऐसी आशंकाओं को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन संघ के दूसरे देश चुपचाप ही दूरी बरतने में जुटे हैं। हंगरी की सरकार का कहना है कि यह पूरा मामला उनके देश में होने वाले चुनाव से जुड़ा है। हंगरी में 12 अप्रैल को संसदीय चुनाव होने वाले हैं। पोलैंड के प्राइम मिनिस्टर डोनाल्ड टस्क ने कहा, यह खबर आना कि ओरबान के लोग मॉस्को के साथ जानकारी शेयर कर रहे हैं। इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है। ऐसा संभव है कि यूरोपियन यूनियन की बैठकों के बारे में जानकारी मॉस्को को दी जा रही हो।' डोनाल्ड टस्क के इस दावे पर हंगरी इसलिए सवाल उठा रहा है क्योंकि उसका कहना है कि पोलैंड के पीएम उनके यहां के विपक्षी नेताओं का समर्थन करते हैं।

## ईरान युद्ध के बीच मोसाद चीफ से नाराज हैं नेतन्याहू, रिपोर्ट पर बिगड़ी बात



*पश्चिम एशिया की जंग लगातार उलझती जा रही है। कुछ दिनों में ईरान की सत्ता परिवर्तन का सपना देखकर युद्ध में कूदे इजराइल और अमेरिका अब मदद के लिए दूसरे देशों की तरफ देख रहे हैं। इसी बीच दावा किया जा रहा है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख से नाराज चल रहे हैं। दरअसल, युद्ध शुरू करने से पहले मोसाद चीफ ने नेतन्याहू को एक रिपोर्ट दी थी कि अगर ईरान की सत्ता को कमजोर कर दिया जाता है, तो वहां दंगा भड़काकर इस्लामिक सत्ता को पलटा जा सकता है। लेकिन अब तीन हफ्ते बाद भी ऐसा संभव नहीं हो पाया है। रिपोर्ट के मुताबिक मोसाद की तरफ से रखी गई इस रिपोर्ट के आधार पर ही नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मिलकर ईरान पर हमला करने की योजना तैयार की थी। दोनों राष्ट्राध्यक्षों को यह रिपोर्ट इसलिए भी सही लगी थी क्योंकि उस समय तक ईरान में खामेनेई के खिलाफ बड़े आंदोलन हो चुके थे।*

## खबर संक्षेप

### विदेशमंत्री जयशंकर ने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियों से बातचीत की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं की बातचीत पश्चिम एशिया संघर्ष के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले परिणामों पर केंद्रित रहा। जयशंकर और रुबियो की बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दी गई सीमा को पांच दिनों के लिए बढ़ाए जाने के कुछ घंटों बाद हुई।

### वायुसेना का विमान क्रैश 110 सैनिक सवार थे

**बोगोटा।** कोलंबिया में सोमवार को वायुसेना का एक सैन्य विमान उड़ान भरते समय क्रैश हो गया।



इस विमान में 110 से ज्यादा सैनिक सवार थे। हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि एयरफोर्स का हरक्यूलिस सी-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उन्होंने कहा कि अभी तक यह साफ नहीं है कि हादसे में कितने लोग घायल है।

### मिसाइल का मलबा गिरने से एक भारतीय घायल

**दुबई।** अबूधाबी के अल शवामेख इलाके में हवा में मार गिराई गई मिसाइल का मलबा गिरने से एक



भारतीय नागरिक मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हवाई रक्षा प्रणाली ने आती हुई मिसाइल पर हमला किया, जिसके बाद आपात टीमों ने कदम उठाया।

**भारत की अगली पीढ़ी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सुखोई-30एमकेआई बेड़े में होगी शामिल**

# बड़ी उपलब्धिः हाई-स्पीड और लंबी दूरी तक सटीक निशाना लगाने में भी है माहिर

*डीआरडीओ को भारत की उन्नत स्वदेशी स्टैंडऑफ स्ट्राइक क्षमताओं की खोज में बड़ी सफलता मिली है। लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एलआरए एसएससीएम) के लिए मंजूरी मिल गई है*

लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल

सुखोई की बड़े स्टैंडऑफ हथियार ले जाने की क्षमता



ये हैं ब्रह्मोस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूत बना रहा है। इसी क्रम में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ( डीआरडीओ ) को भारत की उन्नत स्वदेशी स्टैंडऑफ स्ट्राइक क्षमताओं की खोज में एक बड़ी सफलता मिली है। इसके तहत लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एलआरए एसएससीएम) के लिए मंजूरी मिल गई है। यह लंबी दूरी तक मार करने वाली क्रूज मिसाइल है। डीआरडीओ के चेयरमैन समीर वी. कामत ने इस साल की शुरुआत इस संबंध ऐलान किया था। इससे इंडियन एयरफोर्स हाई-स्पीड और लंबी दूरी तक सटीक निशाना साधने में सक्षम बनेगी। इसे एक अहम कदम माना जा रहा है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है जिससे जमीन और समुद्री लक्ष्यों को दूर से ही निशाना बनाया जा सके। डिफेंस पोर्टल के मुताबिक एलआरएएसएससीएम को सबसे पहले सिर्फ वायुसेना के सुखोई 30 एमकेआई बेड़े में ही शामिल किया जाएगा। इसमें भारी पेलोड ले जाने की क्षमता, लंबी रेंज और ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल जैसे आधुनिक हथियारों के साथ साबित हुई है। सुखोई की बड़े स्टैंडऑफ हथियार ले जाने की क्षमता इसे एलआरए एसएससीएम के कैरिज ट्रायल, सेपरेशन टेस्ट और आखिरकार ऑपरेशनल तैनाती के लिए सबसे बेहतरीन शुरुआती प्लेटफॉर्म बनाती है।

### क्रूज मिसाइल की खासियत

*लॉन्ग रेंज एयर-टू-सरफेस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल (एलआरए एसएससीएम) अपनी सुपरसोनिक क्रूज परफॉर्मेंस के लिए खास तौर पर जाना जाता है। इसे संभवतः रैमजेट प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी से पावर मिलती है, जो ब्रह्मोस परिवार में पहले ही साबित हो चुकी है। सबसोनिक क्रूज मिसाइलों के उलट यह नया सिस्टम अपनी पूरी उड़ान के दौरान अपनी तेज रफ्तार बनाए रखती है। इससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने का समय कम मिलता है और आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम्स के खिलाफ इसकी अचूक मारक क्षमता बढ़ जाती है। इसकी सटीक स्पेसिफिकेशन्स अभी भी गोपनीय हैं। उम्मीद है कि यह मिसाइल मौजूदा एयर-लॉन्च विकल्पों की तुलना में कहीं ज़्यादा दूरी तक मार कर सकेगी। इसकी मारक क्षमता सैकड़ों किलोमीटर तक हो सकती है, जिससे लॉन्च प्लेटफॉर्म को सीमावर्ती खतरों के संपर्क में लाए बिना ही दुश्मन के अंदरूनी इलाकों में गहरे हमले किए जा सकेंगे।*

**रुको...रुको, न्यूयॉर्क विमान हादसे का ऑडियो सामने आया**

## एयरपोर्ट पर यात्री विमान रनवे पर खड़े ट्रक से भिड़ा, दोनों पायलट की मौत



न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क के व्यस्त ला ग्वार्डिया एयरपोर्ट पर सोमवार को एक विमान हादसा हुआ। एयर कनाडा का एक यात्री विमान रनवे पर एक फायर ट्रक से टकराया। इस हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई। अब हादसे से ठीक पहले का एक ऑडियो सामने आया है। मॉन्ट्रियल ट्रूडो इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आए एयर कनाडा के विमान करीब 100 लोग सवार थे। आंकड़ों के मुताबिक, टक्कर के समय विमान करीब 39 किलोमीटर प्रति घंटा (24 मील प्रति घंटा) की रफ्तार से चल रहा था। वहीं हादसे से ठीक पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) और पायलटों के बीच हुई बातचीत का एक दर्दनाक ऑडियो सामने आया है। इसमें कंट्रोलर को चिल्लाते हुए साफ सुना जा सकता है। कंट्रोलर चेतावनी देकर कहता है, रुको, रुको, रुको! ट्रक। तभी विमान को खतरे से बचाने की कोशिश की गई। डेल्टा एयरलाइंस के विमान को तुरंत लैंडिंग रद्द करने का निर्देश दिया।

### एयरपोर्ट को पूरी तरह बंद किया गया

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों में विमान के अगले हिस्से को भारी नुकसान पहुंचता दिख रहा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, फायर ट्रक में सवार दो लोगों के हाथ-पैर टूट गए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। हादसे के तुरंत बाद ला ग्वार्डिया एयरपोर्ट को पूरी तरह बंद किया गया। आने वाली उड़ानों को दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया है। न्यूयॉर्क सिटी इमरजेंसी मैनेजमेंट ने कहा है कि लोग मानकर चलें कि उड़ानें कैंसिल हो सकती हैं।

**धमाके में कोई घायल नहीं हुआ**

## बॉर्डर से सटे गांव के पूर्व सरपंच के घर के बाहर धमाका, गेट को नुकसान

एजेंसी ▶▶ जम्मू



सांबा ज़िले के एक सीमावर्ती गांव में सोमवार तड़के एक धमाके के बाद अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने बताया कि यह धमाका रात करीब 2 बजे घगवाल इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर, गवाला तालाब गांव में पूर्व सरपंच जय राम शर्मा के घर के बाहर हुआ। धमाके के बाद लोग दहशत में आ गए। हालांकि इस धमाके में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन धमाके के कारण पूर्व सरपंच जयराम शर्मा के घर का मेन दरवाज़ा और चारदीवारी का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने धमाके की वजह का पता लगाने के लिए घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए हैं। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है। इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हो गई। मामले की जांच तो शुरू ही हो गई है, इसके साथ ही इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती भी की गई है। पूर्व सरपंच ने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए कहा कि मेरे घर को निशाना बनाते हुए हमला किया गया था।

**वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाएंगे भारत और रूसः जयशंकर**

# भारत-रूस के संबंधों ने वैश्विक शांति, स्थिरता और तरक्की को आगे बढ़ाया

**बेहद बैलेंस तरीके से भारत और रूस के संबंध आगे बढ़ रहे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पुतिन की भारत यात्रा का भी किया जिक्र

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बदलती भूराजनैतिक परिस्थितियों के बीच भारत-रूस के आपसी सहयोग की सराहना की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'भारत और रूसः एक नए द्विपक्षीय एजेंडा की ओर' कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। जयशंकर ने कहा कि दशकों से हमारे आपसी फायदे वाले सहयोग ने क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, स्थिरता और तरक्की को आगे बढ़ाया है। आज के बदलते भू-राजनैतिक हालात में हमारा जुड़ाव लगातार गहरा होता जा रहा है, जो लगातार हाई-लेवल बातचीत से प्रेरित है। जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता करते हुए, भारत मानवता को प्राथमिकता देने और जन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है। रूस के साथ मिलकर भारत साझा चुनौतियों का संतुलित और समावेशी तरीके से समाधान करने के लिए तत्पर है। अंत में, मैं अपनी दीर्घकालिक साझेदारी और प्रिय मित्रता को मजबूत करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराना चाहता हूं। जयशंकर ने इस दौरान रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीते साल हुए भारत यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पुतिन का दिसंबर 2025 में हुआ भारत दौरा कई नए आयाम लेकर आया। इस दौरान मोबिलिटी से लेकर हेल्थ और फूड सेफ्टी, मेरीटाइम सहयोग समेत कई मुद्दों पर अहम समझौते हुए। इस यात्रा के दौरान फर्टिलाइजर्स, कस्टम और कॉमर्स, एकेडमिक और मीडिया कोऑपरेशन पर भी अहम फैसले हुए। दोनों ही पक्षों ने आपसी ट्रेड को 68.7 बिलियन डॉलर से 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा। जयशंकर ने भारत-रूस सबंधों को लेकर कहा कि इसे बेहद बैलेंस तरीके से लगातार आगे ले जाने पर फैसला हुआ। इसके साथ ही भारतीय वर्कफोर्स का सही इस्तेमाल हो इस पर भी बात हुई। ट्रेड में फ्री टैरिफ को लेकर भी चर्चा की जा रही। रूस पहले से ही सिविल न्यूक्लियर एनर्जी को लेकर पार्टनर रहा है। कुडानकुलम न्यूक्लियर प्रोजेक्ट इसका स्पष्ट उदाहरण है। भारत लगातार न्यूक्लियर एनर्जी जेनरेशन क्षमता को बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। इस 2047 तक 100 किलोवॉट तक ले जाने की योजना है। सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए ।

### रूस हमारा भरोसेमंद और मजबूत सहयोगी

*जयशंकर आगे बोले कि मुझे लगता है कि रूस हमारा भरोसेमंद और मजबूत सहयोगी बना रहेगा। रूस बेहद शांति से इस न्यूक्लियर एनर्जी में हमारा सपोर्ट करेगा। योग, आयुर्वेद से आर्ट और कल्चर में लोगों से जुड़ाव बढ़ रहा है। भारत के ब्रिक्स की अध्यक्षता जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश मानवता पहले और लोगों को केंद्र रखते हुए आगे बढ़ने की अप्रोच रही है। रूस से के साथ हमारा सहयोग लगातार बढ़ रहा है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28